CIN-NO-UT4999RJ2020PTC0679.
UN NO-200022186

Title Code-RAJHIN27921

# मरुधर विशेष

वर्षः 1 अंकः 29 | हिन्दी | प्रातः कालीन | जयपुर, रविवार, 4 सितम्बर, 2022 | पृष्ठ :4 | मूल्यः 2 रुपए

**छोटी-बड़ी खबरें...**

### महलों का फील कराएगी 'पैलेस ऑन व्हील्स'

## मूवी की शूटिंग भी होगी; लग्जरी ट्रेन का दो साल बाद पहला ट्रिप 12 अक्टूबर से

**जयपुर।** पिछले 2 साल से लग्जरी ट्रेन पैलेस ऑन व्हील्स (शाही ट्रेन) चलने का इंतजार कर रहे पर्यटकों को 12 अक्टूबर तक इंतजार और करना होगा। राजस्थान टूरिज्म डवलपमेंट कॉर्पोरेशन (आरटीडीसी) ने इस ट्रेन की पहली ट्रिप 12 अक्टूबर से चलाने का निर्णय किया है। इससे पहले इस ट्रेन को ट्रायल के तौर पर 28 सितम्बर से पटरियों पर दौड़ाया जाएगा, जिसमें ट्रेन की सभी सुख-सुविधाओं और सिक्योरिटी फीचर्स की जांच की जाएगी। इस दौरान ट्रायल रन में टेक्निकल टीम और आरटीडीसी के अधिकारी मौजूद रहेंगे। वहीं, फिल्म निर्माता एवं निर्देशक विशाल भारद्वाज ने इस ट्रेन में शूटिंग की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने इसके लिए आरटीडीसी को एक प्रस्ताव भेजा है। आरटीडीसी अधिकारियों के मुताबिक सितम्बर में जिन लोगों की बुकिंग है, उसे अक्टूबर में शिफ्ट कर दिया है। इसके अलावा पैसेंजर को बुकिंग को अक्टूबर से आगे के लिए भी शिफ्ट का ऑप्शन दिया है। जो पैसेंजर 12 अक्टूबर को यात्रा करना चाहे तो वह कर सकते हैं।

### हाउसिंग बोर्ड में अधिकारियों के पावर बढ़े

## अब 20 साल तक कमिश्नर लेवल पर ही मिल जाएगी आवंटित जमीन पर कंस्ट्रक्शन की अनुमति

**जयपुर।** राजस्थान हाउसिंग बोर्ड में अब डिप्टी हाउसिंग कमिश्नर (डीएचसी) और कमिश्नर के पावर बढ़ गए है। सामान्य अलॉर्टमेंट या नीलामी में दिए गए भूखण्ड, प्लिंथ लेवल या स्केलटन मकानों पर निर्माण करने के लिए दी जाने वाली निर्माण की अनुमति (20 साल तक) अब कमिश्नर के स्तर पर ही मिल जाएगी।

---

**विजय चौक से इंडिया गेट तक पुनर्विकसित इस एवेन्यू को पीएम मोदी जनता को समर्पित करेंगे**

# सेंट्रल विस्टा एवेन्यू का उद्घाटन 8 को

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी सेंट्रल विस्टा एवेन्यू आम जनता के लिए अगले सप्ताह से जनता के लिए खुल सकता है। विजय चौक से इंडिया गेट तक पुनर्विकसित इस सेंट्रल विस्टा एवेन्यू का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8 सितंबर को करेंगे। हालांकि, इसका अभी आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है। सेंट्रल विस्टा एवेन्यू को शहर का सबसे लोकप्रिय सार्वजनिक स्थान माना जा रहा है। इस एवेन्यू में पैदल चलने वाले रास्ते पर लाल ग्रेनाइट का इस्तेमाल किया गया है, जिसके चारों ओर हरियाली है और इसका क्षेत्रफल 1.1 लाख वर्ग मीटर है। राजपथ पर 4,087 पेड़, 114 आधुनिक संकेतक और कई बगीचे हैं। यहां 900 से अधिक प्रकाश स्तंभ हैं। प्रकाश स्तंभ का उद्देश्य सेंट्रल विस्टा को चौबीसों घंटे पैदल चलने वालों के लिए अधिक अनुकूल बनाना है। 8 सुविधा खंड बनाए गए हैं। देश की सत्ता का गलियारा कहे जाने वाले सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना के तहत एक नए त्रिकोणीय संसद भवन, एक साझा केंद्रीय



सचिवालय, 3 किमी लंबे राजपथ का पुनर्विकास, प्रधानमंत्री के नए निवास और कार्यालय और उपराष्ट्रपति के लिए नए एन्क्लेव बनाए जा रहे हैं।




---

**जयपुर में दिनदहाड़े टिम्बर बिजनेसमैन से 15.48 लाख लूटे**

# पिस्टल तानी, व्यापारी के सिर पर चाकू से वार, शहर में 10 दिन में दूसरी लूट

वीर-वीरांगना

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी इन दिनों क्राइम कैपिटल के तौर पर भी पहचान बनाने लगी है। लगातार यहां अपराध का ग्राफ बढ़ रहा है। डकैती, किडनैपिंग और मर्डर जैसे केसों की बढ़ती संख्या पुलिस के लिए चुनौती बने हुए हैं। करीब दस दिन पहले शहर में एक आटा व्यापारी से हुई करीब सवा करोड़ लूट के मामले में अब तक पुलिस के हाथ खाली हैं। वहीं, आज दिनदहाड़े एक और व्यापारी को पांच बदमाशों ने लूट लिया। घटना के करीब छह घंटे बीतने के बाद भी पुलिस अब तक आरोपियों का पता नहीं लगा सकी है। दरअसल, शनिवार को सुबह करीब 11.15 बजे पांच बदमाशों ने करणी विहार थाना क्षेत्र में एक टिम्बर बिजनेसमैन के यहां लूट की। झोटवाड़ा एएसपी प्रमोद स्वामी ने बताया कि वारदात करणी विहार एक्सप्रेस हाईवे के पास स्थित अग्रवाल वुड्स के यहां हुई। उन्होंने बताया कि बदमाशों ने शोरूम



मालिक और उसके कर्मचारियों को पिस्टल के दम पर बंधक बनाकर 15.48 लाख रुपए लूट लिए।

पुलिस के अनुसार अग्रवाल वुड्स का मालिक विवेक अग्रवाल सुबह आमदिनों की तरह अपने शोरूम के ऑफिस में बैठे थे। शोरूम में उसका एक वर्कर काम कर रहा था। इसी दौरान 2 बाइक पर 5 नकाबपोश बदमाश आए। शोरूम में घुसते ही वर्कर को पकड़कर अंदर ऑफिस में ले गए। ऑफिस में हथियारों से लैस बदमाशों को देखकर व्यापारी विवेक डर कर चिल्लाने लगा। बदमाशों ने पिस्टल और चाकू के दम पर दोनों को ऑफिस के अंदर बंद कर लिया। शोरूम में बने ऑफिस में दोनों के हाथ बांधकर मारपीट की। उन्होंने गोली मारने की धमकी देकर व्यापारी के सिर पर चाकू से वार किया। व्यापारी विवेक ने बताया- उसके ऊपर पिस्टल तानकर बदमाश बोला- जितने भी पैसे है दे दें। नहीं तो गोली मार देंगे।

ऑफिस का गेट बंद कर रस्सी से दोनों के हाथ-पैर बांध दिए। जान से मारने की धमकी देकर सेफ की चाबी मांगी। सेफ खोलकर उसमें रखे 15 लाख 48 हजार रुपए निकाल लिए। उसके बाद भी और कैश कहां रखा है कहकर धमकाने लगे। इतने ही रुपए होने की कहने पर फिर गोली मारने की धमकी दी। गोली मत मारना कहने पर बोल- वर्कर को गोली मारेंगे। उसके बाद टेप लगाकर मुंह बंद कर दिया। रुपए लूटकर जाते समय ऑफिस से बाहर आने पर जान से मारने की धमकी दी। शोरूम में डकैती डालने आए बदमाश करीब 10 मिनट में वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। डर के मारे व्यापारी और वर्कर ऑफिस में ही बैठे रहे। काफी समय तक किसी प्रकार की आवाज नहीं आने पर थोड़ी हिम्मत आई। जैसे-तैसे बाहर निकलकर देखा तो बदमाश और उनकी दोनों बाइक नहीं खड़ी थी। बाहर निकलने पर पड़ोसी महेश गुप्ता ने व्यापारी और वर्कर को रस्सी से बंधे देखा, जिनके मुंह पर टेप लगी थी।

---

## अमेरिका में प्लेन क्रैश की धमकीः पायलट ने विमान चुराया, 3 घंटे से आसमान में मंडरा रहा; इलाका खाली कराया



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के मिसिसिपी राज्य में एक पायलट ने प्लेन चुरा लिया है। घटना टुपेलो शहर के वेस्ट मेन इलाके की है। इसके बाद पायलट ने यहां के एक वॉलमार्ट स्टोर में क्रैश करने की धमकी दे डाली। एहतियातन पुलिस ने स्टोर और उसके आसपास के इलाके को खाली करा लिया है। प्लेन करीब 3 घंटे से शहर के ऊपर मंडरा रहा है। बताया जा रहा है कि यह प्लेन एक डबल इंजन 9 सीटर है। पुलिस ने बताया कि एक प्लेन टुपेलो के ऊपर उड़ान भर रहा है। पायलट ने इमरजेंसी नंबर 911 पर कॉल कर वॉलमार्ट में प्लेन क्रैश कर देने की धमकी दी। पुलिस ने वॉलमार्ट वेस्ट और इसके आसपास मौजूद स्टोर्स को खाली करा लिया है। साथ ही लोगों को तितर-बितर किया जा रहा है।

### पायलट से संपर्क साधने की कोशिश जारी

पुलिस पायलट से सीधे संपर्क साधने की कोशिश कर रही है। इलाके की सभी आपातकालीन सेवाएं अलर्ट पर हैं। फिलहाल यह साफ नहीं हो पाया है कि पायलट की मंशा क्या है। खतरे की आशंका के चलते लोगों को वेस्ट मेन इलाके से दूर रहने की हिदायत दी गई है। अभी और जानकारी का इंतजार है। मिसिसिपी के गवर्नर टेट रीव्स ट्वीट बताया कि स्टेट लॉ इंफोर्समेंट एजेंस और इमरजेंसी सर्विस के लोग इस खतरनाक स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं।

---

**सोनाली फोगाट के पीए सुधीर का कबूलनामाः**

## कहा-गोवा में कोई शूटिंग नहीं थी, मैंने ही उसे मारा, साजिश रची थी

**हिसार।** सोनाली फोगाट हत्याकांड के मुख्य आरोपी सुधीर सांगवान ने रिमांड के दौरान अपना जुर्म कबूल कर लिया है। आरोपी ने हत्या की साजिश रचने की बात भी कबूल ली है। गोवा पुलिस के एक सूत्र ने ये जानकारी दी है। हालांकि, गोवा के डीजीपी जसपाल सिंह ने इस बात से इनकार किया है। उनका कहना है कि ऐसी जानकारी होगी तो मीडिया को बता दिया जाएगा। पुलिस सूत्र के मुताबिक, सुधीर साजिश के तहत सोनाली को गुरुग्राम से गोवा लाया था। गोवा में शूटिंग की कोई योजना नहीं थी। सोनाली की हत्या की साजिश बहुत पहले ही रच ली गई थी। गोवा पुलिस ने इस हत्याकांड में कुछ पुख्ता सबूत जुटाए हैं, जो सुधीर सांगवान को दोषी ठहराने के लिए पर्याप्त हैं। वहीं गोवा के सीएम प्रमोद सावंत ने जल्द से जल्द चार्जशीट दायर करने के निर्देश दिए हैं।

**हत्याकांड में अब तक 5 गिरफ्तारः-** 23 अगस्त को गोवा के कर्लीज रेस्टोरेंट में हुए हत्याकांड की जांच गोवा के अंजुना थाना की पुलिस कर रही है। सुधीर-सुखविंदर के खिलाफ हत्या का, जबकि इन दोनों के साथ ही रूम बॉय दत्ता प्रसाद गाओंकर, कर्लीज क्लब का मालिक एडविन और रमा मांड्रेकर के खिलाफ NDPS एक्ट का केस दर्ज किया गया है।

## वसूली केस में नोरा फतेही से दिल्ली पुलिस ने की पूछताछ, आगे जैकलीन का नंबर

**नई दिल्ली।** ठग सुकेश चंद्रशेखर वसूली केस में बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस के बाद अब एक्ट्रेस-डांसर नोरा फतेही जांच एजेंसी के टारगेट पर आई हैं. दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने नोरा फतेही से पूछताछ की है. शुक्रवार को दिल्ली के मंदिर मार्ग स्थित आर्थिक अपराध शाखा में उनसे करीब 6 घंटे की पूछताछ की गई है. सुकेश चंद्रशेखर ने दिसंबर 2020 में नोरा फतेही को बीएमडबल्यू कार गिफ्ट की थी. इन आरोपों से इनकार करते हुए नोरा फतेही का कहना है कि उन्हें ये कार सुकेश ने नहीं बल्कि उनकी पत्नी लीना मारिया ने चेन्नई में एक इवेंट का हिस्सा लेने के बदले में दी थी. सुकेश चंद्रशेखर पर 200 करोड़ रुपये की वसूली का मामला चल



रहा है. इसी से जुड़े कुछ सवाल नोरा फतेही से भी पूछे गए. इससे पहले सुकेश चंद्रशेखर और नोरा को आमने-सामने बैठाकर श्वष्ठ की पूछताछ भी हो चुकी है. इससे पहले सुकेश चंद्रशेखर के साथ बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस का नाम भी जोड़ा गया है. आरोप है कि जैकलीन फर्नांडिस और सुकेश चंद्रशेखर रिश्ते में थे. इतना ही नहीं, ईडी ने दावा किया है कि जैकलीन भी सुकेश के काले कारनामों का फायदा उठा रही थीं. ईओडब्ल्यू ने जैकलीन फर्नांडिस को पूछताछ के लिए 12 सितंबर को बुलाया है।

---

**गुजरात में 'लव जिहाद' के खिलाफ प्रदर्शन**

## डीसा में हिंदू संगठनों की रैली में पुलिस के लाठीचार्ज से तनाव, भारी पुलिस बल तैनात

**बनासकांठा।** गुजरात में बनासकांठा जिले के डीसा शहर में आज लव जिहाद के खिलाफ रैली का आयोजन किया गया। रैली में करीब 15 हजार से अधिक लोग शामिल हुए थे। जैसे ही रैली हीरा बाजार पहुंची तो भीड़ बेकाबू हो गई। हालात को नियंत्रित करने में पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। तनाव के मद्देनजर पूरे शहर में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

### विरोध प्रदर्शन करने की बनाई थी योजना

बताया जा रहा है कि लाठीचार्ज के दौरान एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। दरअसल, रैली में आए लोगों



की मांग थी कि पुलिस-प्रशासन लव जिहाद के मुद्दे पर कड़ी कार्रवाई करे। इसी को लेकर हिंदू संगठनों ने विरोध प्रदर्शन करने की योजना बनाई थी। एक साथ करीब 11 हिंदू संगठनों ने रैली का आयोजन किया था। दरअसल, डीसा तहसील के मालगढ़ गांव में रहने वाले एक शख्स ने बीते सोमवार को जहर खाकर सुसाइड की कोशिश की थी।

पीड़ित के भाई ने बताया कि गांव में ही रहने वाले एजाज नाम के लड़के ने भतीजी को अपने प्रेमजाल में फंसाया और उसे घर से भगाकर ले गया। इसके बाद उसका धर्म परिवर्तन भी करवा दिया। जब लड़की की मां उसके घर पहुंची तो उन्हें भी कैद कर लिया। इसके बाद एजाज के घरवालों ने मां-बेटी को छोड़ने के बदले में 25 लाख रुपए की मांग की। इससे परेशान होकर भाई ने जहर खा लिया। उनका प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी लड़के सहित दो लोगों को अरेस्ट कर लिया है।

---

**इन्वेस्ट समिट 7-8 अक्टूबर को**

## 10 लाख करोड़ के इन्वेस्टमेंट का टारगेट, लेकिन बिजली-पानी जैसी बेसिक समस्या सरकार के लिए चुनौती

**जयपुर।**

राजस्थान में इंडस्ट्रियल ग्रोथ बढ़ाने और रोजगार जनरेट करने के लिए सरकार अगले महीने 7-8 अक्टूबर को इन्वेस्ट राजस्थान समिट जयपुर के सीतापुरा में करने जा रही है। इस समिट में सरकार ने 10 लाख करोड़ रुपए के इन्वेस्टमेंट का टारगेट रखा है। लेकिन इस समिट से पहले सरकार के लिए बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर की समस्या सबसे बड़ी है। अधिकांश उद्योग धंधे महंगी बिजली, पानी की कमी और रोड-ड्रेनेज जैसी समस्याओं से परेशान है। इसको लेकर पिछले कुछ समय से प्रदेश के कई बड़ी कंपनियां राजस्थान छोड़कर जा चुकी है। उद्योग भवन में आज एक मीडिया ब्रीफ में बात करते हुए उद्योग मंत्री शकुंतला रावत ने भी इस बात को माना कि



महंगी बिजली की प्रोबल सबसे बड़ी है। उन्होंने कहा कि इसके लिए हम विचार कर रहे है कि एक अलग से डिस्कॉम बनाया जाए, ताकि उद्योगो बिना की परेशानी के सस्ती दर पर बिजली उपलब्ध हो सके। इसके अलावा हमारे यहां बड़ी संख्या में सोलर एनर्जी के बड़े-बड़े सेगमेंट लग रहे है, जो आने वाले कुछ सालों बाद बिजली की कमी को कुछ हद तक पूरा करने में मददगार होंगे। मंत्री रावत ने समिट के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इसमें हमारा लक्ष्य 10 लाख करोड़ रुपए के इन्वेस्टमेंट को लाना है। उन्होंने बताया कि अभी तक हमने बड़े स्तर पर रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में एमओयू कर लिए है। इसके अलावा कुछ एमओयू एग्रो बिजनेस में भी हुए है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य ज्यादा से ज्यादा उद्योग धंधे लगाकर लोकल लेवल पर युवाओं और बेरोजगारों को रोजगार देना है।

---


**तकनीकी गड़बड़ी से टली थी फ्लाइट**

## नासा के मून मिशन की लॉन्चिंग का दूसरा प्रयास आज, रात 11.47 बजे उड़ान भरेगा रॉकेट

**फ्लोरिडा।** अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा अपने मून मिशन %आर्टेमिस-1% की लॉन्चिंग आज यानी 3 सितंबर को रात 11 बजकर 47 मिनट पर करेगी। यह नासा का दूसरा प्रयास है। दरअसल, 29 अगस्त को रॉकेट के 4 में से तीसरे इंजन में आई तकनीकी गड़बड़ी और खराब मौसम की वजह से इसका लॉन्च टाल दिया गया था। अब इसे शनिवार को फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से चंद्रमा की ओर रवाना किया जाएगा।

### क्या है आर्टेमिस-1 मून मिशन?

अमेरिका 53 साल बाद अपने मून मिशन आर्टेमिस के जरिए इंसानों को चांद पर एक बार फिर से भेजने की तैयारी कर रही है। आर्टेमिस-1 इसी दिशा में पहला कदम है। यह प्रमुख मिशन के लिए एक टेस्ट फ्लाइट है, जिसमें किसी अंतरिक्ष यात्री को नहीं भेजा जाएगा। इस फ्लाइट के साथ वैज्ञानिकों का लक्ष्य यह जानना है




कि अंतरिक्ष यात्रियों के लिए चांद के आसपास सही हालात हैं या नहीं। साथ ही क्या एस्ट्रोनॉट्स चांद पर जाने के बाद पृथ्वी पर सुरक्षित लौट सकेंगे या नहीं। नासा का 'स्पेस लॉन्च सिस्टम (SLS) मेगारॉकेट' और 'ओरियन क्रु कैप्सूल' चंद्रमा पर पहुंचेंगे। आमतौर पर क्रू कैप्सूल में एस्ट्रोनॉट्स रहते हैं, लेकिन इस बार यह खाली रहेगा। ये मिशन 42 दिन 3 घंटे और 20 मिनट का है, जिसके बाद यह धरती पर वापस आ जाएगा। स्पेसक्राफ्ट कुल 20 लाख 92 हजार 147 किलोमीटर का सफर तय करेगा। नासा की नई प्लानिंग के तहत रॉकेट की लॉन्चिंग 2016 में होनी थी। इसके बाद डोनाल्ड ट्रम्प सरकार ने 2017 में आर्टेमिस मिशन को ऑफिशियल नाम दिया।

### दशकों से टल रहा नासा का ह्यूमन मून मिशन

SLS रॉकेट का प्लान 2010 में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल में जन्मा था। इस वक्त %कॉन्स्टलेशन प्रोग्राम% के जरिए वे अंतरिक्ष यात्रियों को चांद पर भेजना चाहते थे, लेकिन मिशन में कई बार देरी के बाद सरकार ने इसे बंद करने का फैसला लिया था। मगर अमेरिकी संसद के कुछ और ही इरादे थे। उसने नासा ऑथराइजेशन एक्ट 2010 पास किया।

# संपादकीय

## असली सरपंच

यह विडंबना ही है कि देश की सबसे छोटी संसद के जरिये राजनीतिक-सामाजिक जीवन में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने के लिये जो व्यवस्था स्थापित की गई थी, उसे पुरुष प्रधान समाज के वर्चस्व ने निष्प्रभावी बना दिया है। जिसके चलते चुनाव तो महिला प्रत्याशी के नाम पर लड़ा जाता है, लेकिन कामकाजी व्यवहार महिलाओं के पति ही करते हैं। ऐसे में महिला सशक्तीकरण के लक्ष्यों को पलीता लगता नजर आता है। दरअसल, पहले से ही राजनीति में दखल रखने वाले लोग अपनी सीट के आरक्षित होने पर परिवार की महिलाओं को पंचायतों के चुनाव में खड़ा तो कर देते हैं, लेकिन उसका मकसद पर्दे के पीछे से राजनीति करना होता है। हद तो तब हो जाती है जब निर्वाचित महिलाओं के पति ही ब्लॉक व जिला स्तर पर होने वाली बैठकों में बाकायदा शिरकत करते हैं। ऐसे में इस गैरकानूनी परंपरा को खत्म करने की दिशा में पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार की पहल स्वागतयोग्य है। सरकार ने 'सरपंच पति' प्रथा को बिल्कुल बर्दाश्त न करने की बात कहते हुए आदेश दिया है कि महिला सरपंचों के पति या रिश्तेदार अब छद्म रूप में विभागीय कार्यवाही में भाग नहीं ले सकेंगे। पंजाब सरकार ने इस बाबत घोषणा कर दी है कि ब्लॉक व जिला स्तर पर आयोजित की जाने वाली आधिकारिक बैठकों में निर्वाचित महिला ब्लॉक प्रमुखों को ही भाग लेना होगा। निस्संदेह यह पहल यदि समय रहते कर ली गई होती तो पद के दुरुपयोग की खबरें नहीं आती। देर से ही सही, सरकार के इस कदम का स्वागत किया जाना है। अक्सर यह बात कही जाती है कि करीब अस्सी फीसदी महिला सरपंच कठपुतली के रूप में काम करती हैं। हाल में कानूनी व्यवस्था का मजाक उड़ाने का मामला मध्य प्रदेश में उस समय सामने आया था जब वहां तीन निर्वाचित सरपंचों के पुरुष परिजनों को बेशर्मी से शपथ दिलायी गई।

इसमें दो राय नहीं कि वर्ष 1992 में ग्राम पंचायतों में महिला सशक्तीकरण की दिशा में कानून में संशोधन करके एक बदलावकारी पहल की गई थी। मकसद यही था कि राजनीति के माध्यम से समाज में बदलाव लाने की आकांक्षी महिलाओं को सक्रिय भूमिका निभाने का अवसर मिलेगा। लेकिन प्रॉक्सी सरपंच की बीमारी महिलाओं के अधिकारों का अतिक्रमण करने लगी। निस्संदेह, यह समाज में पुरुष वर्चस्व की मानसिक ग्रंथि का ही विस्तार है जो निर्वाचित महिला सरपंचों को निर्णय लेने के अधिकार से वंचित करती है। दरअसल, वर्ष 1992 में कानून में संशोधन करके पंचायतों में महिलाओं को तैंतीस फीसदी आरक्षण इस मकसद से दिया गया था कि महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त किया जाये। लेकिन आज तीन दशक गुजर जाने के बावजूद अपेक्षित बदलाव नहीं आ पाया है। इस निर्णय के मूल में यह सोच थी कि राजनीतिक प्रशिक्षण व अनुभव से स्थानीय निकायों से निकली महिला प्रतिनिधियों के जरिये विधानसभा व लोकसभा को योग्य महिला प्रतिनिधि मिल सकेंगे। साथ ही नारी सशक्तीकरण का लक्ष्य भी पूरा हो सकेगा। मगर निकायों की कार्यप्रणाली में महिला प्रतिनिधियों की भागीदारी नाममात्र की ही रह गई। छद्म सरपंचों की सक्रियता से जमीनी हकीकत का पता चलता है। महिला प्रतिनिधि तो नाममात्र के लिये सरपंच बनी होती हैं जबकि सत्ता का आनंद उनके पति व रिश्तेदार ही उठाते रहते हैं। राजनीति की विकृति ऐसे प्रॉक्सी सरपंचों का पोषण करती नजर आती है। वैसे सुखद यह कि जिन आरक्षित सीटों पर वास्तव में महिला प्रतिनिधियों को काम करने का अवसर मिला, वहां विकास के सकारात्मक परिणाम सामने आये हैं। अपने अधिकारों का उपयोग करते हुए महिला सरपंचों ने अपने पुरुष समकक्षों के मुकाबले बेहतर काम करके दिखाये। कार्यशैली में बदलाव के साथ ही सुरक्षित प्रसव, बेहतर जल सुविधाओं, स्वच्छता, सड़कों का रखरखाव, स्कूलों की स्थिति में सुधार व सिंचाई में महिला सरपंचों ने सफलता की नई कहानी लिखी हैं। कह सकते हैं कि ये महिला सरपंच मौन क्रांति की इबारत लिख रही हैं। निस्संदेह यदि सभी महिला सरपंचों को पितृसत्तात्मक नियंत्रण से मुक्त कर दिया जाये तो ग्रामीण विकास में नये आयाम जुड़ जायेंगे।

## हमेशा याद रहेंगे गोर्बाचेव

सोवियत संघ के पूर्व राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाचेव के निधन से एक बड़ी शख्सियत का अवसान हो गया। बीसवीं शताब्दी के सबसे बड़े नेताओं में शुमार गोर्बाचेव बहुत कम समय तक (1985-1991) सत्ता में रहे, लेकिन इस अल्प अवधि में उन्होंने जो सुधारवादी कदम उठाए उससे दुनिया का मानचित्र बदल गया। गोर्बाचेव द्वारा सोवियत संघ में लागू की गई पेरेस्त्रोइका (पुनर्गठन) और ग्लास्नोस्त (खुलापन) की नीतियों ने उन्हें विवादास्पद भी बना दिया। 'पेरेस्त्रोइका' आतथक सुधारों को बढ़ावा देने के लिए लागू की गई थी जबकि मार्क्सवादी व्यवस्था में सर्वहारा के अधिनायकवाद के नाम पर अभिव्यक्ति की आजादी पर लगाए गए तालाबंदी की जगह 'ग्लास्नोस्त' के विचारों को अमल में लाया गया। कम्युनिस्ट दुनिया के लोगों के लिए वे एक संकट की तरह थे दूसरी ओर लोकतांत्रिक विश्व के लिए वे एक वरदान थे। उनके सुधारों ने वैश्विक स्तर पर कम्युनिस्ट आंदोलन को बहुत बड़ा झटका दिया। सोवियत् संघ का बिखराव हुआ। पूर्वी यूरोप के प्राय: सभी कम्युनिस्ट देशों से साम्यवादी व्यवस्था खत्म हो गई। भारत का कम्युनिस्ट आंदोलन भी बहुत कमजोर पड़ गया। चीन में अगर कम्युनिज्म बना रहा तो इसके अलग ऐतिहासिक कारण थे। लेकिन गैरकम्युनिस्ट देशों ने गोर्बाचेव के सुधारों का स्वागत किया। गोर्बाचेव के नेतृत्व में ही सोवियत संघ और अमेरिका के बीच परमाणु हथियार नियंत्रण समझौता हुआ। इस समझौते के कारण द्वितीय विश्व युद्ध के बाद दो महाशक्तियों अमेरिका और सोवियत संघ के बीच जारी शीतयुद्ध समाप्त हुआ और दोनों के बीच परमाणु टकराव की आशंका का अंत हुआ। उन्हें 1990 में नोबेल शांति पुरस्कार से नवाजा गया, लेकिन आज जब रूस और यूक्रेन का संघर्ष देखते हैं तो लगता है कि सोवियत संघ का विघटन हो जाने देकर गोर्बाचेव ने गलती की थी। उन्होंने परिकल्पना की थी कि उनके सुधारों से दुनिया के सभी राष्ट्र वैश्विक संघर्ष से मुक्त हो जाएंगे, लेकिन क्षेत्रीय स्तर पर हुआ यह कि पूर्व सोवियत संघ के राज्यों के पारस्परिक संबंध कटु होते चले गए। गोर्बाचेव को लेकर भले ही विभिन्न मत हों, लेकिन विश्व इतिहास में उनको इसलिए याद रखा जाएगा कि उनके नेतृत्व में वैश्विक परिदृश्य ने बड़ी करवट ली।




# चिंतन-मनन

## राष्ट्रीय एकता में बाधक तत्व

आर्थिक और सामाजिक असमानता राष्ट्रीय एकता में बहुत बड़ी बाधा है। उस असमानता का मूल है अहं और स्वार्थ। इसलिए राष्ट्र की भावात्मक एकता के लिए अहं-विसर्जन और स्वार्थ-विसर्जन को मैं बहुत महत्व देता हूं। जातीय असमानता भी राष्ट्रीय एकता का बहुत बड़ा विघ्न है। उसका भी मूल कारण अहं ही है। दूसरों से अपने को बड़ा मानने में अहं पुष्ट होता है और आदमी अपने-आप में संतोष का अनुभव करता है। अहं का विसर्जन किए बिना जातीय भेद का अंत नहीं हो सकता। मनुष्य जन्मना मनुष्य का शत्रु नहीं है। एक पेड़ की दो शाखाएं परस्पर विरोधी कैसे हो सकती हैं? फिर भी यह कहा जाता है कि धर्म-संप्रदाय मनुष्यों में मैत्री स्थापित करने के लिए प्रचलित हुए हैं। उनमें जन्मना शत्रुता नहीं है, फिर मैत्री स्थापित करने की क्या आवश्यकता हुई? मैं फिर इस विश्वास को दोहराना चाहता हूं कि मनुष्य-मनुष्य में स्वभावत- शत्रुता नहीं है। वह निहित स्वार्थ वाले लोगों द्वारा उत्पन्न की जाती है। उसे मिटाने का काम धर्म-संप्रदाय ने प्रारंभ किया, किंतु आगे चलकर वे स्वयं निहित स्वार्थ वाले लोगों से घिर गए और मनुष्य को मनुष्य का शत्रु मानने के सिद्धांत की पुष्टि में लग गए। इस चिंतन के आधार पर मुझे लगता है कि सांप्रदायिक समस्या का मूल भी अहं और स्वार्थ को छोड़कर अन्यत्र नहीं खोजा जा सकता। इसलिए सांप्रदायिक वैमनस्य की समस्या को सुलझाने के लिए भी अहं और स्वार्थ का विसर्जन बहुत आवश्यक है।

भाषा, जो दूसरों तक अपने विचारों को पहुंचाने का माध्यम है, को भी राष्ट्रीय एकता के सामने समस्या बनाकर खड़ा कर दिया जाता है। अपनी भाषा के प्रति आकषर्ण होना अस्वाभाविक नहीं है। पर हमें इस तथ्य को नहीं भुला देना चाहिए कि मातृभाषा के प्रति जितना हमारा आकषर्ण होता है, उतना ही दूसरों को अपनी मातृभाषा के प्रति होता है। इसलिए भाषाई अभिनिवेश में फंसना कैसे तर्कसंगत हो सकता है। राष्ट्रीय एकता के लिए इन विषयों पर गंभीर चिंतन करना आवश्यक है।

# संकट में पाक को याद आया भारत

आर.के. सिन्हा

> फिलहाल पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था भारी संकट में है। पाकिस्तानी रुपया मुद्रा अंतरराष्ट्रीय बाजार में कमजोर होता जा रहा है। पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार भी तेजी से खाली हो रहा है। यानी पाकिस्तान के सामने संकट ही संकट है। पाकिस्तान सेना के बड़ी-बड़ी मूंछों वाले जनरलों को समझाना होगा कि भारत के साथ शांति के रास्ते पर चलकर ही पाकिस्तान विकास कर सकेगा। पाकिस्तानी सेना ने अपने देश की प्राथमिकताएं ही बदल दी हैं। उसकी सेना करप्शन में आकंठ डूबी हुई है। उसके दबाव में पाकिस्तान सरकार का रक्षा बजट बढ़ता ही जा रहा है। अब वहां पर जब बाढ़ से तबाही हो रही है, तो उसके हथियारों से पीड़ितों को राहत नहीं मिल रही है।

पाकिस्तान में बाढ़ से हाहाकार मचा हुआ है। पड़ोसी मुल्क का बड़ा हिस्सा जलमग्न हो गया है। अब तक बड़ी संख्या में लोगों की जान तक जा चुकी है। स्थिति वास्तव में बहुत गंभीर है। बाढ़ग्रस्त इलाकों में लोग दाने-दाने को मोहताज हो गए हैं। स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि पाकिस्तान ने भारत से आलू, टमाटर,प्याज और खाद्य तेलों का आयात करने की इच्छा जताई है। वहां इन तमाम जरूरी चीजों का संकट पैदा हो गया है। पाकिस्तान के पास कोई विकल्प भी तो नहीं बचा है कि वह भारत से खाने-पीने की जरूरी चीजों का आयात न करे। पाकिस्तान के वित्त मंत्री मिफ्ताह इस्माइल ने कहा कि सरकार बाढ़ के बाद देश भर में फसल बर्बाद होने के बाद लोगों की सुविधा के लिए भारत से सब्जियां और अन्य खाद्य पदार्थ आयात करने पर गंभीरता से विचार कर रही है।

पाकिस्तान ने अगस्त 2019 में औपचारिक रूप से भारत के साथ अपने व्यापारिक संबंधों को इजराइल के स्तर पर डाउनग्रेड कर दिया था, जिसके साथ इस्लामाबाद का कोई औपचारिक व्यापारिक संबंध नहीं है। पाकिस्तान ने यह निर्णय जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले भारतीय संविधान के अनुच्छेद 370 को रद्द करने के भारत के फैसले के विरोध में लिया था। हालांकि, उसने इस तरह का एकतरफा फैसला लेते हुए सोचा नहीं था कि इससे उसे कितना नुकसान होगा। इस बीच, पाकिस्तान में बाढ़ के कारण हुई तबाही पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ट्वीट कर संवेदना जताई है। उन्होंने कहा, “पाकिस्तान में बाढ़ से हुई तबाही को देखकर दुख हुआ। हम पीड़ितों, घायलों और इस प्राकृतिक आपदा से प्रभावित सभी लोगों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं और सामान्य स्थिति की शीघ्र बहाली की आशा करते हैं।” माना जा रहा है कि अगर पाकिस्तान ने औपचारिक तौर पर भारत से मदद मांगी तो भारत पड़ोसी की मदद करने में कभी पीछे नहीं रहेगा। भारत संकटकाल में पड़ोसी या किसी भी अन्य देश की मदद करने से पीछे कभी भी नहीं रहता है।

इस बीच, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ सरकार की अपील के बाद वहां पर अंतरराष्ट्रीय सहायता पहुंचने लगी है। दरअसल पाकिस्तान में शाहबाज शरीफ के प्रधानमंत्री बनने के बाद यह उम्मीद भी थी कि भारत-पाक दोनों के बीच व्यापारिक संबंधों की बहाली हो जाएगी। पाकिस्तान भारत से चीनी तथा कपास का आयात करने को लेकर भी बहुत गंभीर है। यह भी गौरतलब है कि जिस इमरान खान को भारत ने हमेशा सम्मान और आदर दिया उनके समय में भी



भारत-पाकिस्तान व्यापार संबंध लगभग बंद ही रहे। उन्होंने तो भारत से रिश्ते न सुधारने की मानो कसम ही खा ली थी। शहबाज शरीफ के बड़े भाई नवाज शरीफ भी जब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री थे तब उन्होंने भारत के साथ व्यापारिक संबंध सुधारने की हरचंद कोशिशें की थीं। उनकी परिवार की कंपनी के भारत के नामवर उद्योगपति सज्जन जिंदल से कारोबारी संबंध भी थे।

कहने वाले तो यह भी कहते हैं कि सज्जन जिंदल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 2015 में लाहौर यात्रा की जमीन तैयार करने में अहम भूमिका निभाई थी। उस बेहद चर्चित यात्रा से पहले सज्जन जिंदल इस्लामाबाद में प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के मेहमान बनकर जा चुके थे। उनका वहां भव्य स्वागत हुआ था। पर पाकिस्तान के तब के विपक्ष, जिसमें इमरान खान भी शामिल थे, उन्होंने सज्जन जिंदल की यात्रा और उनकी नवाज शरीफ के साथ मीटिंग पर तगड़ा बवाल काटा था। जिसके जवाब में नवाज शरीफ की पुत्री मरियम नवाज शरीफ ने एक ट्वीट करके कहा था-'सज्जन जिंदल प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के मित्र हैं। उनकी तथा प्रधानमंत्री से मीटिंग में कुछ भी गुप्त नहीं था। विपक्ष बेवजह का हंगामा कर रहा है।'

आजकल प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ की भतीजी मरियम नवाज शरीफ ने इमरान खान के खिलाफ मोर्चा खोला हुआ है। दरअसल सज्जन जिंदल की कंपनी जिंदल साउथ वेस्ट से शरीफ परिवार की स्टील कंपनी 'इत्तेफाक' से कई तरह के प्रोडक्ट खरीदती रही है। यह रिश्ता पारिवारिक संबंधों में तब्दील हो चुका है। हालांकि सज्जन जिंदल की कंपनी तथा इतेफाक में स्टील के उत्पादन तथा लाभ के स्तर पर कोई तुलना नहीं की जा सकती।

दरअसल बाढ़ के कारण भयंकर संकट में फंसे पाकिस्तान को प्रैक्टिकल होना पड़ेगा। वह भारत से दुश्मनी मोल लेकर सिर्फ घाटे में रहेगा। उसे भारत से तिजारती संबंधों को भी गति देनी ही होगी। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) मानता है कि अगर दोनों की सरकारों की तरफ से आपसी व्यापार को गति देने की पहल हो तो 10 अरब रुपये का आपसी कारोबार तो फौरन हो सकता है। पाकिस्तान की रसातल में जाती अर्थव्यवस्था को पंख लगाने की वहां की सरकार को ठोस कोशिश करनी होगी।

फिलहाल पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था भारी संकट में है। पाकिस्तानी रुपया मुद्रा अंतरराष्ट्रीय बाजार में कमजोर होता जा रहा है। पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार भी तेजी से खाली हो रहा है। यानी पाकिस्तान के सामने संकट ही संकट है। पाकिस्तान सेना के बड़ी-बड़ी मूंछों वाले जनरलों को समझाना होगा कि भारत के साथ शांति के रास्ते पर चलकर ही पाकिस्तान विकास कर सकेगा। पाकिस्तानी सेना ने अपने देश की प्राथमिकताएं ही बदल दी हैं। उसकी सेना करप्शन में आकंठ डूबी हुई है। उसके दबाव में पाकिस्तान सरकार का रक्षा बजट बढ़ता ही जा रहा है। अब वहां पर जब बाढ़ से तबाही हो रही है, तो उसके हथियारों से पीड़ितों को राहत नहीं मिल रही है।

पाकिस्तान का आधा हिस्सा इस समय विनाशकारी बाढ़ में डूब चुका है। इस बार के बाढ़ को 2010 में आये सुपरफ्लड से बड़ा बताया जा रहा है। पाकिस्तान को धूर्त चीन पर अपनी निर्भरता को भी खत्म करना होगा। वही उसके हित में भी है। चीन इस संकट के समय कहीं दिखाई नहीं दे रहा है। वैसे भी जो मुल्क दुनिया को कोरोना देगा वह किसी का क्या भला करेगा। कहते हैं, मित्र और पड़ोसी की पहचान संकट में होती है। पाकिस्तान को समझ आ रहा होगा कि इस संकटकाल में भारत उसके साथ खड़ा है।

# विचार मंथन

## भ्रष्टाचारियों और रिश्वतखोरों का ब्रह्मास्त्र बना मानहानि कानून ?

सनत कुमार जैन

पिछले कुछ वर्षों में भ्रष्टाचारियों और रिश्वतखोरों के लिए मानहानि कानून, ब्रह्मास्त्र की तरह उन्हें सुरक्षित बना रहा है। विशेष रूप से राजनेताओं को मानहानि कानून का जो कवच मिला है। उससे वह पूरी तरह सुरक्षित हो गए हैं। मानहानि के प्रकरण दायर कर अथवा मानहानि का नोटिस भेजकर अपने खिलाफ उठ रही आवाजों को बंद कराने मैं मानहानि कानून बड़ा सहायक हो गया है। जिस राजनीतिक दल और संगठन के देशभर में कार्यकर्ता और समर्थक हैं। उनके लिए तो यह कानून अपने विरोधियों को चुप कराने के लिए सबसे महत्वपूर्ण शस्त्र बन गया है। करोड़ों रुपए का मानहानि का प्रकरण दायर कर दो। न्यायालय में इसके लिए कोई फीस नहीं लगती है। न्यायालय में जिसके खिलाफ प्रकरण दर्ज होता है। उसे उपस्थित होकर सबसे पहले जमानत करानी पड़ती है। उसके बाद हर पेशी में उपस्थित रहना, उसकी बाध्यता होती है। हर माह पेशियां पड़ती हैं। राजनेताओं, अभिनेताओं, बड़े बड़े अधिकारी के भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के खिलाफ बोलना, अब सबसे बड़ा अपराध हो गया है। हर कोई अपनी सफाई देने के स्थान पर मानहानि का नोटिस भेजकर अपने आरोपों को दबाने का काम करता है। उल्टे उसे धमकाना शुरू कर देता है। न्यायालय से जमानत पर आरोपी को अपराधी और मुलजिमो की तरह पेश किया जाता है। पिछले वर्षों में एक ही आरोप पर देश के कई राज्यों की कई न्यायालयों में मानहानि का मुकदमा दर्ज हो जाता है। जिस व्यक्ति के खिलाफ मानहानि का मुकदमा होता है। न्यायालय में जो पेशी



पड़ती है, उसमें उपस्थित हो पाना उसके लिए संभव ही नहीं होता है। जिसके कारण गिरफ्तारी वारंट निकलते हैं। अपनी बात बोलने की इतनी बड़ी सजा आरोप लगाने वालों को मिल जाती है। जिससे वह मामले का फैसला आने का इंतजार भी नहीं कर पाते हैं। प्रताड़ित होकर माफी मांगने के लिए विवश हो जाते हैं।

सत्तारूढ़ दल के राजनेताओं और भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ तथ्यों के होते हुए भी इस कानून के कारण अब आम आदमी बोलने से डरने लगा है। जिसके कारण भ्रष्टाचार अथवा रिश्वतखोरी के काम में बिना किसी भय के और भ्रष्टाचार करते हैं।

पिछले कुछ दिनों से दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी के बीच में तुम डाल-डाल, हम पात - पात की तर्ज पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल पड़ा है। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के उपराज्यपाल विनय सक्सेना के खिलाफ नोटबंदी के दौरान 1400 करोड़ रुपए बदलने का आरोप लगाया है। आम आदमी पार्टी के नेता ईडी और सीबीआई से जॉच कराने की मांग कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी ने आम आदमी पार्टी के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पर शराब घोटाले का आरोप लगाया है। जिसकी सीबीआई जांच कर रही है। हाल ही में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मानहानि का मुकदमा दायर करने की बात कही है। उन्होंने आरोपों के संबंध में कोई सफाई नहीं दी है। केन्द्र सरकार ने आम आदमी पार्टी की मांग अनसुनी कर दी है। वहीं आम आदमी पार्टी ने सीबीआई से जॉच करने की मांग को लेकर सीबीआई मुख्यालय पर धरना दे दिया।

मानहानि का मुकदमा दायर करने के पश्चात जिसके खिलाफ मुकदमा दायर हुआ है। उसे हर पेसी में न्यायालय में उपस्थित होना अनिवार्य होता है। एक भी पेशी में उपस्थित नहीं होने पर उसके खिलाफ वारंट निकल जाता है। एक ही व्यक्ति के खिलाफ एक ही मामले में कई स्थानों पर मानहानि के मुकदमे दायर हो जाते हैं। वकील की नियुक्ति करनी पड़ती है। सैकड़ों और हजारों किलोमीटर की यात्रा करके न्यायालय में उपस्थित होना पड़ता है। कई मामलों में संगठन के कार्यकर्ता मानहानि की पेशी में शामिल होने वाले व्यक्ति के खिलाफ प्रदर्शन करते हैं, धमकी देते हैं। ऐसी स्थिति में अब आम आदमी अथवा कोई भी व्यक्ति भ्रष्टाचार एवं रिश्वतखोरी के खिलाफ अपनी बात कहने से डरता है। कई मामलों में न्यायालयों ने सरकारी कार्यालयों में उपलब्ध रिकॉर्ड को आरोपी को बचाव में पेश करने के लिए अनुमति नहीं दी। जिसके कारण उसे अपनी बात प्रमाणित करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मानहानि कानून अब भ्रष्टाचारियों और रिश्वतखोरी के लिए सुरक्षा कवच बन के सामने आया है। आरोप प्रमाणित हो भी जाए तो आरोपी के खिलाफ मुकदमा खारिज हो जाता है। आरोपी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं होती है।

# पुलिस महकमा

## भर्तियों पर ध्यान दे सरकार

रजनीश कपूर

किसी भी क्राइम आधारित धारावाहिक या फिल्म में आपने अक्सर ये सुना होगा कि मुजरिम कितना भी शातिर क्यों न हो वो कोई न कोई सुराग जरूर छोड़ जाता है। बड़े-बड़े अपराधों की गुत्थी अक्सर छोटे से सुराग से ही सुलझ जाती है। अक्सर वो सुराग अपराध की जांच कर रहे पुलिसकतमयों के सामने ही होते हैं परंतु वे दिखाई नहीं देते। अनुभवी और समझदार पुलिस अधिकारी कड़ी-से-कड़ी जोड़कर देर से ही सही लेकिन अपराधी तक पहुंच ही जाते हैं। शायद इसीलिए कहा गया है कि कानून के हाथ बहुत लंबे होते हैं।

पुलिस फाइलों में पुराने अपराधों और उनको सुलझाने के तरीके वर्तमान में होने वाले वैसे ही अपराधों को सुलझाने में काफी कारगर साबित होते हैं। परंतु हमेशा ऐसा नहीं होता। कभी-कभी अपराधी पुलिस को चकमा देने की फिराक में पुराने अपराधों के तरीके का चोला पहन कर अपराध को अंजाम देता है। ऐसे अपराध को सुलझाने के लिए पुलिस कुछ समय के लिए अपराधी के जाल में फंसती जरूर हैग परंतु जैसे ही कोई ऐसा सुराग सामने आता है जो जांच को सही दिशा में ले जाता हैग अपराधी का खेल खत्म हो जाता है। कुछ ऐसा ही दिखा हाल ही में रिलीज हुई वेब सीरीज 'दिल्ली क्राइम' के दूसरे सीजन में। अपने पहले सीजन में सुर्खियां बटोरने के बाद 'दिल्ली क्राइम' ने नेटफिलक्स पर पिछले शुक्रवार को 'दिल्ली क्राइम 2' रिलीज किया। पिछले सीजन में बहुचतचत निर्भया कांड की गुत्थी को दिल्ली पुलिस ने किन परिस्थितियों में सुलझायाग इसे नाटकीय ढंग से दिखाया गया था। यह सीजन काफी हिट रहा। सीजन 2 में एक अनुशासित डीसीपी का किरदार निभा रहीं अभिनेत्री शेफाली शाह ने अपने किरदार को बखूबी निभाया है। 'दिल्ली क्राइम 2' में भी शेफाली शाह और राजेश तैलंग की जोड़ी हिट रही। वहीं रसिका दुग्गल, सौरभ भारद्वाज व अन्य कलाकारों का अभिनय भी काफी सराहनीय है। 'दिल्ली



क्राइम 2', 90 के दशक में चतचत 'कच्छा-बनियान गैंग' की आड़ में एक नये गैंग द्वारा किए गए हत्या कांडों पर आधारित है। यह गैंग दिल्ली के पॉश इलाकों में बुजुर्गों को अपनी लूट का शिकार बना कर उनकी निर्ममता से हत्या कर देता है। दिल्ली पुलिस को गुमराह करने के लिए यह गिरोह 'कच्छा बनियान' पहन कर इन वारदातों को अंजाम देता है। एक के बाद एक होने वाले लूट और हत्या से दिल्ली पुलिस भी भौचक्की रह जाती है। दिल्लीवासियों में भी एक खौफ की लहर उठ जाती है। मजबूरी में दिल्ली पुलिस के अधिकारी इसे 'कच्छा बनियान गिरोह' का ही काम मानकर गिरोह की जाति (समुदाय) से संबंधित हिस्ट्रीशीटर्स को उठा लेती है। कहानी में मोड़ तब आता है जब शक की बिनाह पर उठाए गए इन्हीं लोगों में से एक लड़की डीसीपी के दफ्तर में जबरन घुसकर अपना पक्ष रखने की कोशिश करती है। सुर्खियों में आने के बाद ऐसे बड़े अपराधों में, राजनैतिक दबाव के चलते, कभी-कभी पुलिस के आला अधिकारी भी ऐसी गलती कर बैठते हैं जो केस की जांच को गलत दिशा में ले जाता है। 'दिल्ली क्राइम 2' में भी ऐसा ही कुछ देखने को मिला जब पुलिस अधिकारी अपराधियों के बिछाए जाल में फंस गए और जांच को सही दिशा में ले जाने में देरी हुई। संगीन अपराध में पुलिस के निचले अधिकारियों द्वारा मीडिया में गुप्त सूचनाओं का लीक होना, जांच कर रही टीम के लिए किस कदर भारी पड़ता है इसे भी बखूबी दर्शाया गया है। पुलिस पर राजनैतिक दबाव के चलते जल्दबाजी में लिये गए निर्णय केस की जांच के लिए घातक साबित होते हैं, परंतु सही सूझ-बूझ, तकनीकी सहयोग और अनुभव के चलते जुर्म की कड़ियों को जोड़ते हुए कैसे इस संगीन हत्या कांड को सुलझाया गयाग यह देखने योग्य है। दरअसलग बड़े अपराध में पुलिस पर चौतरफा दबाव होता है। पुलिस के बड़े अधिकारी हों या छोटे अधिकारी, सभी चाहते हैं कि सुर्खियों में आने के बाद केस जल्द से जल्द सुलझाया जाए और अपराधी सलाखों के पीछे हो, परंतु पुलिस को अंजाम तक पहुंचने में जिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, इसका अनुमान लगाना आसान नहीं। चाहे वो दबावग राजनैतिक हो, आला अधिकारियों का होग मीडिया का हो या फिर पारिवारिक समस्याओं का; जांच अधिकारियों का ध्यान बंटाने के लिए काफी होता है। शोध में यह पाया गया है कि भारत में प्रत्येक लाख की आबादी पर औसतन 156 पुलिसकर्मी हैं।

ऐसे में पुलिस को अपने रोजमर्रा के काम और कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ संगीन अपराधों की जांच भी करनी पड़ती है। ऐसे में पुलिस पर दबाव से या तो जांच पर असर पड़ता है या रोजमर्रा के कामों पर। सरकार को इस ओर भी ध्यान देना चाहिए कि पुलिस फोर्स में भततयों को प्राथमिकता दी जाए। जब भततयां बढ़ेंगी तो जाहिर सी बात है युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। इससे देशवासी खुद को सुरक्षित महसूस कर सकेंगे। साथ ही संगीन मामलों की जांच के लिए विशेष दस्ते भी बनाए जा सकेंग, जिनका ध्यान केवल अपराधों की जांच करने में रहेगा।

## वाहन चोरी गैंग का पर्दाफाशः 5 चोरी की बाइक सहित 3 शातिर चोरों को गिरफ्तार

मरुधर विशेष युवराज शर्मा

अरावली विहार थाना पुलिस ने शातिर चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए शहर के विभिन्न जगहों से चोरी की गई 5 मोटरसाइकिल व 11 मोबाइल बरामद किए है पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को डेढ़ दर्जन से अधिक चोरी की वारदात करना स्वीकार किया है इस मामले में डीएसटी टीम की भूमिका महत्पूर्ण रही थानाप्रभारी जहीर अब्बास ने बताया कि अलवर शहर से ज्यादातर दुपहिया वाहन चोरी हो रहे थे उन स्थानों को चिन्हित कर टीम द्वारा लगातार कड़ी मेहनत कर सतत निगरानी की गई और आसूचना तंत्र का विस्तार कर मुखबिर मामूर किए गए इसी दौरान जानकारी के आधार पर चोरों को चिन्हित कर उन पर नजर रखी गई वही चिन्हित बदमाश अधिकतर वारदात सक्रिय रूप से ग्रामीण क्षेत्र में कर रहे थे और साथ ही यह भी जानकारी में आया कि यह लोग गैंग के रूप में घूमते रहते हैं और मौका मिलते ही वारदात को अंजाम देते हैं जिस पर डीएसटी टीम द्वारा लगातार कई दिनों तक ग्रामीण अंचल में टीम को अलग-अलग हिस्सों में बांटकर आसूचना संकलन की गई इसी दौरान डीएसटी को अपने संपर्क सूत्रों से सूचना मिली कि तीन लड़के मेगा हाईवे स्थित शहीद बाबा की मजार के पास सड़क पर बैठे हुए हैं जिनके पास चोरी की मोटरसाइकिल है जो बेचने की फिराक में है किसी का इंतजार कर रहे है इस सूचना पर तत्काल टीम ने पहुंचकर अंशुल कुमार सुनील कुमार सतीश कुमार को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से पांच मोटरसाइकिल व कंपनी के कुल 11 मोबाइल बरामद किए गए पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि मालाखेड़ा लक्ष्मणगढ़ सदर राजगढ़ बड़ौदामेव इलाके से मोटरसाइकिल और मोबाइल सहित पालतू पशुओं की चोरी की वारदात करना स्वीकार किया है



## कोली समाज के 11 सितंबर को होने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह का अलवर एडीएम को सौपा निमंत्रण पत्र

मरूधर विशेष

**कठूमर। दिनेश लेखी।** वीरांगना झलकारी बाई जागृति सेवा समिति ब्लॉक कठूमर खेड़ली के द्वारा 11 सितंबर को कठूमर में होने वाले कोली समाज के प्रतिभा सम्मान समारोह में आने के लिए वंदना खोरवाल, अतिरिक्त जिलाधीश द्वितीय अलवर को निमंत्रण पत्र दिया।



वीरांगना झलकारी बाई जागृति सेवा समिति ब्लॉक कठूमर खेड़ली के ब्लॉक अध्यक्ष करन सिह ने बताया कि 11 सितंबर को लक्ष्मी मैरिज होम जाट धर्मशाला कठूमर में होने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह के आयोजन हेतु निमंत्रण पत्र दिया। इस मौके पर कठूमर ब्लॉक अध्यक्ष करण सिंह,प्रकाश चंद टिटपुरी जिला उपाध्यक्ष,कुंजी लाल व ओमप्रकाश खेड़ली, लक्ष्मणगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष गंगाधर एवम् रमेश चंद जिला अध्यक्ष मौजूद रहे।

## उमेश पहलवान ने जीता गुर्ज का खिताब 50 हजार दर्शक जुटे दूसरे नंबर पर रहे नासिर खान

मरुधर विशेष आमिर खान कामां

**कामां** – कामां कस्बे में शनिवार को भोजन थाली मेले के आखिरी दिन विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। कुश्ती दंगल की शुरुआत बच्चों की कुश्ती से हुई। इसके बाद बुर्ज की कुश्ती हुई जिसमें हरियाणा में झज्जर के रहने वाले भारत केसरी उमेश पहलवान चंडीगढ़ के पहलवान मोहित को 1 मिनट में चित कर दिया। कुश्ती दंगल की शुरुआत मंत्री जाहिदा खान ने पहलवानों के हाथ मिलाकर करवाई। 29 अगस्त को भोजन थाली मेला शुरू हुआ था। शनिवार को मेले का आखिरी दिन था। आखिरी दिन विशाल कुश्ती का आयोजन किया गया। जहां आस-पास के राज्यों के पहलवानों ने कुश्ती दंगल में भाग लिया। इसके अलावा आसपास के राज्यों के करीब 50 हजार लोग कुश्ती दंगल देखने पहुंचे। भीड़ को देखते हुए करीब 2 हजार पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। सबसे रोमांचक मुकाबला हरियाणा के भारत केसरी पहलवान उमेश और चंडीगढ़ के मोहित पहलवान के बीच हुआ। उमेश ने मोहित को सिर्फ 1 मिनट में ही चित कर दिया। जिसके बाद उमेश को 1 लाख 51 हजार रुपए और चांदी के गुर्ज का इनाम दिया गया। स्पेशल कुश्ती नसीर पहलवान और विक्की पहलवान के बीच हुई। जिसमें नासिर पहलवान ने विक्की को हराकर 1 लाख 51 हजार का इनाम जीता। कामां नगर पालिका ने कुश्ती दंगल में करीब 70 कुश्तियां करवाई गई।



## गो सेवा दल ने गायों को तस्करों से मुक्त करवाया

मरुधर विशेष/हवासिंह चौधरी

**मुंडावर ।** गो सेवा दल ने गयो से भरी पीकअप को बीती रात्रि मोलावास गांव से पकड़ कर मौके पर पुलिस को सूचना दी । मोके पर पुलिसकर्मियों ने गायों को मुण्डवाड़ा गोशाला में भिजवाया । रात्रि को अंधेरे होने से गोतस्कर भाग गए । गोसेवा के सदस्य नीरज सनोली, विक्रम पहलवान,ऋषि गुर्जर उद्नवास , सुनील,महिपाल, तेजसिंह गुर्जर, आशु बवाल, कन्हैया , परमोद मनेठी,अंकुर,योगेश, चीनू मोलावास ने गायों को तस्करों से मुक्त करवाने में कामयाबी हासिल की ।



## कालस देव महाराज की आराधना



मरुधर विशेष/ हवासिंह चौधरी

मुंडावर। सोडावास समीपवर्ती आलनपुर गांव में कालसदेव महाराज की आराधना की । इस मौके पर ग्रामीणों ने बाबा से क्षेत्र में खुशहाली की कामना की। इस मौके पर साहिल रोडलाइन्स का भी शुभारंभ हुआ । इस मौके पर सतीश कुमार गुर्जर , समाजसेवी बलराम चंदेला, राम सिंह चंदेला, श्रीराम शर्मा गोपीपुरा, मुकेश गुर्जर आलनपुर व ग्रमीण मौजूद रहे । । बाबा के भजनों का गुणगान किया गया । ग्रमीणो के संयुक्त कार्यक्रम में प्रसाद वितरण किया गया ।

# पाकिस्तानी जज को धमकाने के मामले में इमरान की अग्रिम जमानत 12 सितंबर तक बढ़ी

**इस्लामाबाद।** एक जज को धमकाने के मामले में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की अग्रिम जमानत एक बार फिर बढ़ गयी है। इस्लामाबाद स्थित आतंकवादरोधी अदालत ने इमरान खान को अब 12 सितंबर तक गिरफ्तारी से राहत दे दी है।

पाकिस्तान सरकार की तरफ से इमरान खान पर आरोप लगाया गया था कि वे भड़काऊ भाषण देकर देश की जनता को सरकार, अदालत और सेना के खिलाफ भड़काना चाहते हैं। भड़काऊ भाषण के आरोप में उनके ऊपर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही थी। आरोप था कि बीते 20 अगस्त को इस्लामाबाद की एक सभा में उन्होंने पाकिस्तान की एक न्यायाधीश जेबा चौधरी को धमकी दी थी। इसके अलावा कई अधिकारियों और सरकार के खिलाफ आपत्तिजनक बातें करने के आरोप लगाए गए थे। सरकार ने इमरान के भाषण को भड़काऊ माना है। आरोप लगाया गया था कि इसके जरिए इमरान खान देश की जनता को सरकार, न्यायालय और सेना के खिलाफ भड़का कर देश में गृहयुद्ध कराना चाहते थे।



जैसे ही मामले ने तूल पकड़ना शुरू किया, सरकार और पुलिस सक्रिय हो गई। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया रेगुलेटरी अथॉरिटी ने इमरान के भाषण के लाइव प्रसारण पर रोक लगा दी। उनके भाषणों को लाइव न प्रसारित करने का आदेश जारी किया गया। पुलिस ने इस मामले में इमरान खान पर आतंकवाद निरोधी कानून की धारा सात के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। इमरान की गिरफ्तारी के लिए पुलिस उनके घर बनीगाला भी पहुंची थी लेकिन लोगों की भारी भीड़ देखते हुए उसे लौटना पड़ा। समर्थकों ने इमरान की गिरफ्तारी होने पर देशभर में बवाल होने की चेतावनी दी थी।

गिरफ्तारी से बचने के लिए इमरान खान ने इस्लामाबाद हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी, जिस पर बीती 22 अगस्त को तीन दिन के लिए उनकी जमानत मंजूर कर दी गयी थी। जमानत के तीन दिन बीतने पर इमरान 25 अगस्त को इस्लामाबाद स्थित आतंकवादरोधी अदालत में पेश हुए, तब अदालत ने अग्रिम जमानत याचिका स्वीकार कर एक सितंबर तक उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी। इमरान खान फिर आतंकवादरोधी अदालत में पेश हुए। न्यायाधीश राजा जवाद अब्बास हसन ने उनकी अंतरिम जमानत 12 सितंबर तक के लिए बढ़ा दी है।

## ताइवान के सैनिकों ने पहली बार चीनी ड्रोन को मार गिराया

**ताइपे।** चीन-ताइवान के बीच तनाव हर दिन एक नई घटना के साथ बढ़ता जा रहा है। ताजा मामले में ताइवानी सैनिकों ने उसके वायु क्षेत्र में प्रवेश कर रहे एक ड्रोन को मार गिराया। किनमेन डिफेंस कमांड ने बताया कि ड्रोन दोपहर को चीनी तट के पास शियू द्वीप के प्रतिबंधित वायु क्षेत्र में प्रवेश कर रहा था। पहले चेतावनी स्वरूप फायरिंग की गई, लेकिन इसके बावजूद ड्रोन अपनी जगह पर उड़ता रहा। इसके बाद उसे मार गिराया गया।

इससे पहले ताइवान के एर्डन द्वीप के हवाई क्षेत्र में 30 अगस्त को भी चीनी सेना का ड्रोन घुस आया था। ताइवानी सुरक्षा बलों ने प्रोटोकाल के अनुसार, पहले चेतावनी जारी की। इसका कोई असर होता न देख बाद में सुरक्षा बलों ने उस पर गोलियां दागीं और उसे अपने क्षेत्र से भागने पर विवश कर दिया था।बयान में कहा गया है कि यह एक नागरिक



उपयोग में लाया जाने वाला ड्रोन था। एक दिन पहले ताइवान ने इसके तीन द्वीपों के ऊपर दिखे चीनी ड्रोन को लेकर चेतावनी दी गई थी। हालांकि चीन ने उसके आरोप को खारिज कर दिया था। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी की ताइवान यात्रा के बाद चीन का ताइवान व अमेरिका से तनाव बढ़ गया था। चीन ताइवान को अपना प्रांत मानता है, इसलिए किसी भी देश के नेताओं की आवाजाही को वह अपनी संप्रभुता के खिलाफ मानता है।

## जॉनसन एंड जॉनसन चुकाएगी 323 करोड़, दवा से हजारों लोगों की मौत पर दिया मुआवजा

**वाशिंगटन।** जानी-मानी दवा कंपनी जॉनसन एंड जॉनसन ने अमेरिकी राज्य न्यू हैम्पशायर को करीब 323 करोड़ रुपये मुआवजा देने पर सहमति दी। यह मुआवजा कंपनी की अफीम आधारित दवा की लत से राज्य में हजारों लोगों की मौत व पीड़ितों के इलाज के एवज में दिया जाएगा। दर्द निवारक के तौर साल 2000 से यह दवा ली जा रही थी, इसकी चपेट में अधिकतर बुजुर्ग आए। जॉनसन एंड जॉनसन और सहयोगी कंपनी पर न्यू हैम्पशायर समेत कई राज्यों व पीड़ितों ने केस किए हैं। फरवरी में राष्ट्रीय समझौते से न्यू हैम्पशायर अलग रहा था। गवर्नर क्रिस सुनुनु ने कहा, कंपनी ने जो कुछ किया, भविष्य में वैसा न हो।

मुकदमे में कहा गया कि जॉनसन ने भ्रामक दावे किए कि दवा घातक नहीं है। जॉनसन और उसकी सहयोगी जेनसन फार्मा हमेशा अड़े रहे कि उनकी दवा की लत बहुत कम मामलों में लगती है। ताजा समझौते के बाद भी कहा, इसे आरोपों स्वीकरोक्ति न समझें। लंबित मुकदमों को वह लड़ती रहेगी।

न्यू हैम्पशायर को फरवरी में 2.65 करोड़ डॉलर 9 साल में मिलते। ताजा समझौते में उसे एकमुश्त 4.05 करोड़ डॉलर (323 करोड़ रुपये) मिलेंगे। अमेरिका में दवा कंपनियों, वितरकों, फार्मेसी ने ओपिओइड्स व अन्य दवाओं से मौतों व नुकसान के लिए 4,000 करोड़ डॉलर (3.18 लाख करोड़ रुपये) के समझौते किए हैं।

**5 लाख को गंवानी पड़ी जान**

साल 2000 से अब तक इस दवा, अन्य वैध




ओपिओइड्स व अवैध मादक पदार्थों से अमेरिका में 5 लाख लोग मारे गए हैं। न्यू हैम्पशायर में 2016 में 500 मौतें हुईं, जो 2000 के मुकाबले 10 गुना थीं। इस वजह से अमेरिकी दवा प्रवर्तन ने राज्य को सबसे ज्यादा प्रभावित बताया।

# शिप्रापथ थाना साउथ की बड़ी कार्रवाई, विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गैंग के सरगना पति-पत्नी गिरफ्तार

### एसओजी तक को भी थी काफी समय से इनकी तलाश

मरूधर विशेष/क्राइम/महावीर सिंह चौहान

पुलिस उपायुक्त दक्षिण योगेश गोयल ने बताया कि फार्म फर्स्ट स्टेप इंडस्ट्रीसल सर्विसेस के द्वारा यूरोप व निदरलैंड में उनको वेयरहाउस में सुपरवाइजर की प्लेसमेंट, जॉब दिलाने का कार्य करती है। भूपेंद्र सिंह के द्वारा अपनी फार्म में कार्यरत अनुराग शर्मा है उसकी प%ी अनीता शर्मा से परिवार उनकी मुलाकात करवाई तथा परिवादिया को बताया कि अगर आप अपने किसी जानकार रिश्तेदार, अड़ोसी पड़ोसी को भी चाहे तो हम उनके दस्तावेज तैयार कर उन्हें विदेश भेजने की



संपूर्ण व्यवस्था अपने स्तर पर कर देंगे। परिवादिया ने भूपेंद्र सिंह अनुराग शर्मा एवं अनीता को मना कर दिया। लेकिन फिर बार-बार परिवादिया को उत्प्रेरित किया गया। तब परिवार ने अपने पति व भूपेंद्र के साथ 80/212 मानसरोवर प्लाजा के सामने वाली गली में, अनुराग को बताया की मेरे तीन भाई एवं दो देवर है जो विदेश जाना चाहते गई जाते है। अनुराग ने एक लाख प्रति व्यक्ति हिसाब बताया।



शिप्रापथ थानाधिकारी महावीर सिंह राठौर

8 मई 2022 को से 22 मई 2022 तक परिवादिया ने लगभग ?5,45,हजार अनुराग के बैंक में जमा करवा दिए इसके बाद आरोपीगण अनुराग शर्मा और अनीता शर्मा ने किराए का मकान 23 मई को खाली कर दिया और अपने मोबाइल बंद कर दिए।

इस पर थाना शिप्रा पथ में परिवादिया की शिकायत पर प्रकरण संख्या 431/5 धारा 420 406 120 बी आईपीसी में दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त दक्षिण भारत लाल मीणा, सहायक पुलिस आयुक्त मानसरोवर वह थानाधिकारी शिप्रापथ महावीर सिंह राठौड़ ने एक टीम गठित की गई जिसमें पाया कि वर्तमान में नोएडा में आरोपी है। तब उन्हें नोएडा से गिरफ्तार किया गया। शिप्रापथ थाना अधिकारी महावीर सिंह राठौड़ ने बताया उनका आपराधिक खंगाला तो सामने आया की आरोपीगणों के विरुद्ध दो प्रकरण पुलिस थाना क्षिप्रापथ तथा एसओजी जयपुर में एक दर्ज होना पाया।

### पुलिस थाना मुंडावर ने सिहाली कला गांव में वृद्धा की सनसनीखेज हत्याकांड का किया खुलासा

# प्रेमिका की आत्महत्या का बदला लेने के लिए की गई थी हत्या

### दो आरोपियों को किया गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से घटना में उपयोग ली गई कार एवं लूट का माल किया बरामद

मरुधर विशेष/हवासिंह चौधरी

**मुंडावर।** भिवाड़ी पुलिस अधीक्षक शांतनु कुमार सिंह आईपीएस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय भिवाड़ी विपिन चंद् शर्मा के निर्देश में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगराम मीणा सेक्टर नीमराणा व वृत अधिकारी महावीर सिंह वृत नीमराणा के निकटतम सुपरवाइजर में 25 अगस्त 2022 की रात्रि को मुंडावर थाने छेत्र के ग्राम सिहाली कला में एक वृद्ध की हत्या कर डकैती करने के मामले का खुलासा कर मुलजिम अक्षय उर्फ चीनू पुत्र सुबोध राठी जाति जाट उम्र 22 साल निवासी दरियापुर थाना सिंभावली जिला हापुड़ यूपी व दीपक पुत्र ओमवीर सिंह यादव उम्र 22 वर्ष थाना सिंभावली जिला हापुड़ यूपी को गिरफ्तार किया गया प्रकरण में शेष अन्य मुलजिम की तलाश जारी है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगराम मीणा ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर घटनास्थल पर थाना पुलिस पहुंच घटना का मौका मुआयना किया गया मौके पर एम ओ बी व एफएसएल टीम द्वारा घटनास्थल के से साक्ष्य एकत्रित गए घटनास्थल की फोटोग्राफी की गई व मृतका कृष्णा देवी की लाश का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया साइबर टीम द्वारा घटनास्थल के बीटीएस दिए गए घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार थानाधिकारी संजय शर्मा द्वारा एक टीम गठित की गई घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाल कर परिवादी द्वारा ज्ञात मुलजिम द्वारा अपनी मां की हत्या कर लूट की वारदात के संबंध में प्रकरण को धारा 400, 380, 302 मैं मुकदमा दर्ज किया गया । छानबीन के दौरान



पुलिस को सूचना मिली कि मृतका कृष्णा देवी के पुत्र बलराम की ससुराल ग्राम मोहम्मदपुर खुडलिया थाना सिंभावली जिला हापुड़ यूपी में थी मृतका की पुत्रवधू की करीब 1 माह पहले जहर खाने से मृत्यु हो गई थी मृतका की पुत्रवधू के अपने पीहर मैं अंकुर नाम के लड़के से अवैध संबंध थे तथा अंकुर पहले भी मृतका के घर पर आता जाता था अंकुर ने अपने साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया है जिस पर एक टीम को हापुड़ यूपी के लिए पुलिस थाना मुंडावर थानाधिकारी संजय शर्मा द्वारा रवाना की।

टीम द्वारा हापुर में मुखबिर तैयार कर मुखबिर द्वारा टीम को सूचना दी कि अज्ञात मुलजिम द्वारा चोरी किया गया ट्रैक्टर महिंद्रा इलाका थाना सिंभावली अंकुर पुत्र रविंद्र जाट ,अक्षय पुत्र सुबोध राठी, गोल्डी उर्फ गोलू ,सुनील जाट, दिग्विजय सिंह उर्फ दिग्गज पुत्र सतीश जाट के पास देखा गया है तथा संदीप के मोबाइल की लोकेशन भी घटनास्थल के आसपास रही है संदीप की तलाश में इलाका थाना सिंभावली यूपी में दबिश दी गई तब इसमें अक्षय और चीनू व दीपक यादव किसके बारे में टीम द्वारा गहनता से छानबीन की गई तो टीम को जानकारी में आया कि अंकुर के मृतका कृष्णा देवी की पुत्रवधू खुशी के साथ काफी समय से अवैध संबंध थे अंकूर अपने प्रेमिका के साथ सिहाली कला मैं भी आता जाता था पिछले माह मृतका कृष्णा देवी की पुत्रवधू की जहर खाने से मृत्यु हो गई थी अंकुर अपनी प्रेमिका की मौत का जिम्मेदार उसके पति बलराम व सास कृष्णा देवी को मानता था इस बात को लेकर अंकुर अपनी प्रेमिका की मौत का बदला लेना चाहता था वह अंकुर अपने प्रेमिका की मौत के बदले के लिए अंकुर अपने साथी गोल्डी उर्फ गोलू अक्षय राठी, उदयसिंह, और दीपक के साथ 25 अगस्त 2022 की रात्रि को अपने दोस्तों को अक्षय राठी की कार से मृतका के घर पर आया मुलजिम ने अपनी कार को मृतका के घर के कुछ दूरी पर खड़ा कर दिया और पांचों दीवार कूदकर के घर पर चले गए मुलजिम अक्षय राठी व दीपक गेट के पास खड़े होकर निगरानी करने लग गए तभी मृतका की आंख खुल गई मृतका ने आवाज दी तो अंकुर गोल्डी उर्फ गोलू दिग्विजय उर्फ दिग्गज ने मृतका की रस्सी से गला दबाकर हत्या कर दी और हत्या करने के बाद घर से सोने चांदी के आभूषण, एलईडी व ट्रैक्टर चोरी की वारदात को अंजाम दिया और वारदात करने के पश्चात आरोपी गोल्डी व अंकुर ट्रैक्टर और अक्षय राठी , दीपक व दिग्विजय सिंह कार से निकल गए प्रकरण में अनुसंधान में मुलजिम अक्षय पुत्र सुबोध राठी जाति जाट उम्र 22 साल निवासी दरियापुर थाना सिंभावली जिला हापुड़ यूपी ,दीपक पुत्र ओमवीर सिंह यादव जाति अहीर उम्र 22 साल थाना सिंभावली जिला हापुड़ यूपी, अंकुर पुत्र रविंदर जाति जाट मोहम्मदपुर खुडलिया, गोल्डी उर्फ गोलू पुत्र सुनील जाति जाट निवासी पुराना थाना सिंभावली जिला हापुड़ यूपी ,दिग्विजय सिंह पुत्र सतीश जाति जाट निवासी मोहम्मदपुर खुडलिया थाना सिंभावली हापुड़ यूपी के विरुद्ध जुर्म धारा 302 396 आईपीएस का अपराध प्रमाणिक पाया गया मुलजिम अक्षय उर्फ चीनू व दीपक को पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए अपराधियो के कब्जे से घटना में काम ली गई आई 10 कार चोरी किए गए आभूषण भी बरामद किए गए जगराम मीणा ने बताया कि बाकी अपराधी भी जल्द ही पुलिस के गिरफ्त में होंगे और मुलजिमों से गहनता से पूछताछ की जा रही है

### अपराधियों की धरपकड़ के लिए गठित की गई विशेष टीम में

1.संजय शर्मा थाना अधिकारी पुलिस थाना मुंडावर
2.रविंद्र कुमार एएसआई पुलिस थाना मुंडावर
3.राजवीर सिंह एएसआई पुलिस थाना मुंडावर
4.कृष्ण कुमार एएसआई पुलिस थाना मुंडावर
5. कृष्ण कुमार हेड कांस्टेबल पुलिस थाना मुंडावर
6.अवनेश हेड कांस्टेबल साइबर सेल भिवाड़ी
7.राकेश कांस्टेबल पुलिस थाना मुंडावर
8. नरेंद्र कांस्टेबल पुलिस थाना मुंडावर
9. जितेंद्र कांस्टेबल पुलिस थाना मुंडावर
10.संदीप कुमार कांस्टेबल पुलिस थाना मुंडावर
11. प्रदीप कांस्टेबल पुलिस थाना मुंडावर
12.सत्यपाल कांस्टेबल पुलिस थाना मुंडावर
13. नीरज कांस्टेबल साइबर सेल भिवाड़ी
14. सुनील कुमार कांस्टेबल साइबर सेल भिवाड़ी

## ग्राम सेवा सहकारी समिति के संचालक मंडल के सदस्यों के लिए न्यूनतम योग्यता आठवीं पास

मरूधर विशेष

**कठूमर। दिनेश लेखी।** ग्राम सेवा सहकारी समिति के संचालक मंडल के चुनाव लगभग 10 से 12 वर्ष बाद हो रहे हैं। और राज्य सहकारी निर्वाचन पदाधिकारी संजय माथुर ने आदेश जारी करते हुए सदस्य के चुनाव के लिए न्यूनतम योग्यता आठवीं पास वाला नियम जारी कर दिया है। जानकारी के अनुसार हर ग्राम सेवा सहकारी समिति में 12 बार निर्धारित कर आरक्षित वार्ड वाइज चयन किया है। सहकारी समितियों के चुनाव संपन्न कराने में सरकार की दोहरी मानसिकता ग्राम पंचायत के महत्वपूर्ण पद सरपंच उम्मीदवार के लिए आठवीं पास योग्यता के नियम को हटाया। लेकिन ग्राम सेवा सहकारी समिति के संचालक मंडल के सदस्यों के लिए आठवीं पास का नियम लागू करने को लेकर कानाफूसी होने लग गई है।ग्राम सेवा सहकारी समिति के सदस्य जल्दी आठवीं पास के नियम को वापस लाने के लिए रजिस्टर को ज्ञापन देकर अपना विरोध दर्ज कराएंगे। क्योंकि सहकारी समिति में ज्यादातर सदस्य किसान होते हैं। और वह जो ऋण ले रखा होता है । वही सदस्य होते हैं। सहकारी समिति में ऐसे सदस्य होते हैं। जो सक्रिय तो होते हैं ।लेकिन न्यूनतम योग्यता के पास नहीं होती है। इसके कारण वह चुनाव से दूर हो सकते हैं। संचालक मंडल का सदस्य बनकर अध्यक्ष बनने का सपना चूर होने की संभावना ज्यादातर नजर आ रही हैं। इसका लोग विरोध कर रहे हैं।

## तिजारा ग्राम शाहबाद में रामलीला मंचन हेतु पात्रों का चयन किया गया

मरुधर विशेष राकेश सैनी

**तिजारा।** 21 सितंबर से शुरू होने वाली श्री रामलीला जी के भव्य मंचन की तैयारियां जोरों पर है जिसमें सभी पात्रों का चयन कर लिया गया है राम के पात्र के रूप में भरत शर्मा लक्ष्मण निखिल शर्मा दशरथ के पात्र के रूप में निवास शर्मा जो वास्तविक जीवन में भी पिता पुत्र है सीता का पात्र सचिन यादव रावण पारस मालिक मेघनाथ राकेश सेन कुंभकरण पिंटू वर्मा विभीषण राहुल दुबे नारद व हास्य कलाकार के पात्र पंडित श्रीनिवास शर्मा शिव के पात्र दीपक खुराना परशुराम मोनू जांगड़ा वशिष्ठ वजनक की भूमिका मैं रामकुमार यादव हनुमान वके कई की भूमिका के लिए गिर्राज सैनी का चयन किया गया अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा ने बताया की व्यास पीठ पर गोवर्धन से प्रसिद्ध टीवी कलाकार पंडित सोनू शर्मा को चयनित किया गया है।

## राष्ट्रीय युवक कांग्रेस के देशबंधु शर्मा राष्ट्रीय सचिव एवं झारखंड प्रभारी से मिले डॉ नरूका



मरूधर हिन्द

**कठूमर।दिनेश लेखी।** शनिवार दिसंबर 2022 को राष्ट्रीय युवक कांग्रेस के देशबंधु शर्मा राष्ट्रीय सचिव एवं झारखंड प्रभारी से मिलकर दिल्ली में 4 तारीख को महंगाई को लेकर रैली पर चर्चा हुई। मुलाकात के लिए डॉक्टर जी एस नरूका पार्षद नगर पालिका गोविंदगढ़ अलवर एवं प्रभारी दल जगत राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी अलवर ,जिला अध्यक्ष कांग्रेस सेवादल एडवोकेट दुलीचंद मीणा, महासचिव सुरेश, डॉ धर्मेंद्र यादव बहरोड़, जागा राजगढ़, उज्जवल प्रकाश तिवारी, झारखंड रफीक अंसारी, झारखंड अली अंसारी, झारखंड प्रमोद कुमार प्रदेश महासचिव ,झारखंड जिलानी अंसारी महासचिव मकाउ, जिला शमशेर ,अंसारी युवा नेता झारखंड निशा भगत आदि नेता मौजूद रहे।

## विद्यानिकेतन माध्यमिक विद्यालय में डॉ.राधाकृष्ण जयन्ती ( शिक्षक दिवस)के उपलक्ष्य में बौद्धिक प्रतियोगिता का आयोजन

बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट



**बांसवाड़ा।** विद्यानिकेतन माध्यमिक विधालय में डा,राधाकृष्ण जयन्ती ( शिक्षक दिवस )के उपलक्ष्य में बौद्धिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।सर्व प्रथम डॉ राधाकृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर जानकारी दी गयी तथा सुलेख,श्रुतलेखन, चित्रकला ,निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें विजेता भैया बहिन संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगे।इस प्रतियोगिता में कक्षा 6 से8 व 9 वी ओर 10 वी के भैया बहिनो ने भाग लिया। प्रअ कैलाश राव ने विजेता को पारितोषिक देकर मातृभाषा विषय की जानकारी दी। ये जानकारी प्र अ कैलाश जी राव ने दी।

## विद्यार्थियों ने डांस, गीत तथा भाषण प्रतियोगिता में उत्साह से भाग लिया

बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट




**बांसवाड़ा।** महावीर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुशलगढ़ में शिक्षक दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी विद्यार्थियों ने डांस, गीत तथा भाषण प्रतियोगिता में उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम में रेखा सिसोदिया एवं वसुंधरा चौहान द्वारा डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। विद्यालय के व्यवस्थापक प्रशांत जी नाहटा द्वारा विद्यार्थियों को गुरु तथा माता-पिता को सम्मान देने के लिए प्रेरित किया गया। प्रधानाचार्य अर्जुन सिंह द्वारा गुरु की महिमा को बताया गया।कार्यक्रम का संचालन नुहा मंसूरी, हनी चौहान एवं हर्षिता प्रजापत द्वारा किया गया। ये जानकारी अर्जुन राणा ने दी।

## विप्र फाउंडेशन में हेमलता पंड्या कुशलगढ़ को जिला प्रतिनिधि नियुक्त

बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट



विप्र फाउंडेशन जिला अध्यक्ष योगेश जोशी की सहमति से महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष कीर्ति आचार्य व प्रदेश कार्य करणी सदस्य एवं महिला प्रकोष्ठ की जिला उपाध्यक्ष तिलोत्तमा पंड्या की अनुशंसा पर हेमलता पंड्या कुशलगढ़ को जिला प्रतिनिधि नियुक्त किया हे। उक्त जानकारी देते हुवे विप्र फाउंडेशन की महिला जिला अध्यक्ष कीर्ति आचार्य ने बताया की हेमलता पंड्या के नेतृत्व में कुशलगढ़ क्षेत्र में सक्रियता में वृद्धि होगी। कुशलगढ़ की विप्र फाउण्डेशन महिला टीम की दिव्या पंड्या,प्रीति जोशी,ममता शर्मा, गीतांजलि पंड्या,पायल पंड्या, पूजा उपाध्याय आदि मिलकर विप्र फाउण्डेशन के कार्य को आगे बढ़ायेंगे।

# टूर्नामेंट का आगाजः भारत के पारंपरिक खेल थांग ता को हम राजस्थान के गांव गांव ढाणी ढाणी ले जाएंगेः डॉ पंकज गुप्ता

मरुधर विशेष रुपेश शर्मा



भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा भारतीय परंपरागत राष्ट्रीय खेलों को बढ़ावा देने के लिए पांच हिंदुस्तानी खेलो मैं खेलों इंडिया में शामिल थान्ग ता के प्रथम राज्य स्तरीय टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ आज स्कीम 8 स्थित जैन बीएड कॉलेज में हुआ ! इस मौके पर थांग ता के अंतरराष्ट्रीय प्रेसिडेंट एवं कोच हुदीराम प्रेमकुमार सिंह एवं राष्ट्रीय महासचिव विनोद कुमार तथा राजस्थान के अध्यक्ष डॉ पंकज गुप्ता एवं मुख्य अतिथि सीए श्री कृष्ण गुप्ता के कर कमलों से हुआ। इस मौके पर खचाखच भरे ऑडिटोरियम में पूरे राजस्थान से ढाई सौ से अधिक प्रतिभागी बच्चे एवं 70 से अधिक उनके कोच और रेफरी उपस्थित थे। अलवर में राज्य स्तरीय तान था टूर्नामेंट में पूरे जिले से ढाई सौ से अधिक बच्चे प्रतिभागी भाग ले रहे हैं जो जूनियर सीनियर कैडेट सब जूनियर लड़के लड़किया आदि कैटेगरी में एवं विभिन्न वजन कैटेगरी में दो दिवसीय टूर्नामेंट में दिनांक 3 एवं 4 सितंबर 2022 को भाग लेंगे जीतने वाले बच्चों को सर्टिफिकेट एवं मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा।

इस मौके पर थांग ता के अंतरराष्ट्रीय कोच प्रेम कुमार के साथ उनकी प%ी भी मणिपुर से राजस्थान के प्रवेश द्वार अलवर आई है। अंतरराष्ट्रीय कोच खिलाड़ी एवं अध्यक्ष हुदीराम प्रेम कुमार सिंह ने थांग ता मार्शल आर्ट को पूरे हिंदुस्तान में बढ़ाने का जिम्मा ले रखा है और मणिपुर से निकला यह खेल आप भारत के प्रत्येक जिले और राज्य में पहुंच चुका है उन्होंने कहा महाराणा प्रताप परशुराम रानी लक्ष्मीबाई और तमाम हिंदुस्तान की रक्षा में लगे हुए हमारे पुरोधा विभिन्न मार्शल आर्ट का प्रयोग अपनी सेना को गढ़ने में करते थे और आज सेल्फ डिफेंस के लिए और बच्चों को मोबाइल से दूर कर मैदान में लाने की विशेष जरूरत है। इस मौके पर राजस्थान के महासचिव चैन सिंह राष्ट्रीय को सोनू एवं अन्य रेफरी कोच उपस्थित थे।

भारत सरकार की महत्वकान्शी योजना खेलों इंडिया प्रोजेक्ट का उद्देश विश्व पटल पर भारत के खिलाडियों और भारतीय खेलों को स्थापित करना और भारतीय खिलाड़ियों को कॉमनवेल्थ और ओलंपिक के लिए तैयार करना है। इसी क्रम में मणिपुरी मार्शल आर्ट थान्ग ता है जिसको अंग्रेजों के समय अंग्रेजी सरकार ने बैंन कर दिया था क्योंकि यह खेल युद्ध के लिए योद्धा तैयार करती थी जिसके कारण से ब्रिटिश सरकार को गंभीर खतरा पैदा हो गया था।

ऐसे भारतीय मणिपुरी मार्शल आर्ट्स थान्ग ता के राजस्थान थान्ग ता एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ पंकज गुप्ता ने थांग ता के मार्शल आर्ट को पूरे राजस्थान में प्रत्येक जिले, गांव, स्कूलों में पहुंचाने का बीड़ा उठाया। उन्होंने दूर दूर से आए कोच एवम बच्चों का अलवर मत्स्य नगरी स्वागत किया और खेल के मैदान में अपना दमखम दिखाने का आह्वान किया। इस मौके पर ऑर्गेनाइजिंग प्रेसिडेंट महागुरु सोमवीर सिंह तंवर, अंतरराष्ट्रीय कराते कोच एवम खिलाड़ी टैकाराम यादव, जयकिशन शर्मा जावली, बृजराज सिंह शेखावत जयपुर, उम्मेद सिंह झुंझुनू, किरण कुमार मणिपुर, भुवनेश हिमाचल, विवेक मौर्य उत्तर प्रदेश, संदीप हरियाणा, देवेन्द्र पंजाब, ज्योति दिल्ली, दीपा शुक्ला उत्तर प्रदेश, स्टेट सेक्रेटरी चैन सिंह नागौर आदि हिंदुस्तान के कोने कोने से कोच और रेफरी उपस्थित हुए।

उद्घाटन कार्यक्रम का प्रभावी संचालन जिलाध्यक्ष अश्वनी जावली ने किया। इस मौके पर ब्रजभूमि कल्याण परिषद के प्रेम प्रकाश शर्मा, संतराम अरोड़ा, मनोज कुमार शर्मा, यशवंत कुमार गुप्ता आदि अनेक सामाजिक कार्यकर्ता और संगठन के लोग उपस्थित थे।

## गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों द्वारा मिट्टी के गणेश की प्रतिमा बनाई गई



मरुधर हिन्द उदयपुर

कोटड़ा ब्लॉक के डैडीकैट विद्यालय में शनिवार को गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विद्यार्थियो द्वारा मिट्टी के गणेशजी बनाए गए। इसमें नाजनीन, प्रेरणा चौहान ,समीना, जयश्री, सबीना, सुमबुल , शेफ्ता के सहयोग एवं मार्गदर्शन पर विद्यार्थियों द्वारा मिट्टी के गणेश जी बनाए गए। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियो के उत्साह वर्धन के लिए स्कूल के प्रिंसिपल नवाज हुसैन द्वारा पुरुस्कृत किया गया।

## जिले की तहसील पवई अंतर्गत ग्राम पंचायत सिमरा कला में मनरेगा के तहत किए गए कार्यों में चढ़कर बोल रहा भ्रष्टाचार है

मरुधर/ विशेष/पवई पन्ना

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत वर्ष 2021 22 पुष्कर समृद्धि धरोहर योजना अंतर्गत किए गए कार्य का नाम सिंगरहा तालाब जीर्णोद्धार स्वीकृत राशि 8 44000 जनभागीदारी राशि 1 48000 जो भ्रष्टाचार की भेंट चड गया



तालाब गहरीकरण बताया जाता है कि किए गए कार्य में जेसीबी मशीन एवं ट्रैक्टरों के द्वारा कार्य किया गया इसमें पवई जनपद के सीईओ प्रशन चक्रवर्ती एवं इंजीनियर सहायक सचिव सचिव की मिलीभगत के कारण शासन के पैसे का जमकर दुरुपयोग किया गया फर्जी तरीके से मास्टर लगा कर के राशि आहरण की गई ग्राम पंचायत के सचिव नंद किशोर गर्ग के द्वारा लाखों का चूना लगाया गया शासन को जिसके लिए हमने 181 में शिकायत भी की लेकिन आज तक कोई जांच नहीं हुई पवई जनपद पंचायत के अंतर्गत ऊंचे पदों पर बैठे अधिकारी कर्मचारियों की मिलीभगत से ग्राम पंचायत सिमरा कला में जमकर के भ्रष्टाचार किया जा रहा है इस संबंध में जब सचिव से बात की तो सचिव के द्वारा गोलमोल जवाब दिया जा रहा है जनपद पंचायत पवई में पदस्थ पूर्व सीओ एवं सचिव नंद किशोर गर्ग सहायक सचिव नंद किशोर गर्ग दोनों पद पर पदस्थ रहते हुए शासन की राशि का दुरुपयोग किया गया इसकी सही तरीके से जांच होनी चाहिए जिससे दूध का दूध और पानी का पानी हो सके।

## कठूमर पंचायत समिति के सरपंच जयपुर स्थित धरना स्थल पर हुए शामिल



मरूधर विशेष

**कठूमर । दिनेश लेखी।** पंचायत समिति के सरपंच संघ अध्यक्ष जोरमल जाटव शनिवार को विभिन्न मांगो को लेकर चल रहे धरने पर अपने सरपंचों के साथ धरना स्थल जयपुर पहुँचें । इस मौके पर सरपंच दिनेश, सरपंच प्रतिनिधि देवीसिंह, प्रशांत सिंह, गिल्लाराम आदि रहे। सरपंच संघ के अध्यक्ष जोरमल जाटव ने कठूमर क्षेत्र के बाकी सरपंचों से भी धरना स्थल जयपुर पर पहुंचने का आह्वान है ।

## श्री गिरिराज सेवा समिति सातवीं भव्य गोवर्धन पदयात्रा आज अलवर से गोवर्धन धाम के लिए निकाली गई



मरुधर विशेष रुपेश शर्मा

निशा होम केयर की डायरेक्टर ने बताया कि शिवाजी पार्क होम्योपैथिक शिव मंदिर के पास सभी भक्तों बड़ी हर्ष उल्लास से झूमते नाचते गाते यात्रा में गए 4 दिन में यात्रा गोवर्धन धाम पहुंचेंगे भक्तों ने जगह-जगह अपनी सेवाएं दी श्याम भक्तों ने अपनी सेवाएं दी शिक्षा विभाग के आगे सभी के जन सहयोग और भक्तों द्वारा ठंडाई का वितरण सभी भक्तों को किया गया यात्रियों को किया गया उसमें सभी भक्त मौजूद रहे घनश्याम जी सैनी हेमंत शर्मा पवन जी डायरेक्टर गजेंद्र सैनी निशा होम केयर अलबेला जी संजय जी सभी श्याम भक्तों ने अपनी सेवाएं दी फिर आगे के लिए गोवर्धन यात्रा प्रस्थान करें डायरेक्टर निशा होम केयर निशा सनी।

## बानसूर में पैंथर ने किया दो गायों का शिकार

मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा

बानसूर उपखंड के गांव बहराम का बास के टिकली का बास में बीती रात्रि को पैंथर की हलचल देखी गई । पैंथर ने बीती रात को दो गायों का शिकार किया। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि टाईगर ने गायों का शिकार किया है। लेकिन वन विभाग के अधिकारी इसे पैंथर का शिकार बता रहे है। ग्रामीण सुशील यादव ने बताया कि बीती रात्रि को करीब 12 बजे बाड़े में घुसकर रणजीत यादव और हेमराज यादव की गायों का जंगली जानवर के द्वारा शिकार किया गया । जब सुबह इसकी सूचना लगी तो वन विभाग को सूचना दी गई। वन विभाग की टीम ने मौके से पगमार्क लिए । वनपाल सुभाष चौधरी ने बताया की सुबह ग्रामीणों ने सूचना दी की रात्रि को किसी जंगली जानवर ने दो गायों का शिकार किया गया है। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जानवर के पग मार्क लिए गए। वनपाल ने बताया कि पग मार्क पैंथर के है।

## शेरावाली युवा मंडल की बैठक में अध्यक्ष पद पर विकास भारद्वाज किये नियुक्त

मरूधर विशेष



**कठूमर। दिनेश लेखी।** कस्बे में 2 सितंबर शुक्रवार को मां शेरावाली युवा मंडल कठूमर की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर विकास भारद्वाज निवासी कठूमर को नियुक्त किया गया एवं विकास बंसल को कोषाध्यक्ष चुना गया।

कमेटी की बैठक दिनांक 01 अक्टूबर 2022 शनिवार को कठूमर से मां धौलागढ़ धाम 5 वीं पैदल पदयात्रा लें जाने का निर्णय लिया गया। पदयात्रा सुबह 06:15 गंगा महारानी मंदिर से रवाना होगी। इस बैठक में सोमेश्वर चौधरी, रामजीलाल शर्मा, यतीश खण्डेलवाल, गुल्लू दुरेजा, सुमित सोनी, रिमांशु शर्मा,मधुर शर्मा, विकास बंसल, दिगम्बर चौधरी, राहुल अवस्थी,गौरी सोनी, विनोद मसारी, प्रमोद बंसल, मौजूद रहे।

## दिल्ली के रामलीला मैदान मैं कांग्रेस पार्टी की हल्ला बोल रैली हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता होंगे शामिल

मरुधर विशेष युवराज शर्मा

**अलवर।** देश में बढ़ती महंगाई के खिलाफ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को आयोजित होने वाली कांग्रेस पार्टी की हल्ला बोल रैली में अलवर ग्रामीण विधानसभा सहित जिलेभर से हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल होगे। कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली ने बताया कि वर्तमान में केन्द्र सरकार ने देश में जो हालात पैदा कर दिए है उसके विरोध में मोदी सरकार के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि स्वतंत्र भारत में ऐसा पहली बार है जब प्रत्येक वर्ग मोदी शासन की नीतियों का दंश झेल रहा है। किसान, महिला, व्यापारी एवं युवा सभी वर्गों में केन्द्र शासन के प्रति गहरा आक्रोश है। उन्होंने बताया कि अलवर ग्रामीण



विधानसभा क्षेत्र से सैकडों की संख्या में बसों में सवार होकर हजारों कार्यकर्ता कुंभकर्णी मोदी सरकार को जगाने के लिए प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि कांग्रेस का हाथ जनता के साथ के ध्येय को लेकर जनहित की लड़ाई के लिए कांग्रेस फिर एक बार दिल्ली की सड़कों पर विरोध प्रदर्शन करेंगी । केन्द्र की मोदी सरकार के शासनकाल में पूंजीपति अमीर होते जा रहे हैं, वहीं मध्यम वर्ग गरीब होता जा रहा है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में आयोजित होने वाले प्रदर्शन में सुबह 6 बजे अलवर से कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली के लिए कूच करेंगे।

## दीक्षार्थी प्रांशुक भईया का हुआ स्वागत व बहुमान

बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट



**बांसवाड़ा।** झाबुआ एमपी में विराजित प्रवर्तक देव पूज्य श्री जिनेन्द्र मुनिजी महाराज साहब के चरणों में दीक्षार्थी प्रांशुक भईया द्वारा दीक्षा का आज्ञा पत्र देने के पश्चात अणु दर्शन यात्रा पर निकले दीक्षार्थी भाई कुशलगढ़ स्थानक भवन पहुंचे। दीक्षार्थी भईया ने यह विराजित पूज्या श्री सुव्रता जी महाराज साहब आदि ठाणा 4 के दर्शन किये तत्पश्चात वर्धमान स्थानकवासी श्रावक संघ कुशलगढ़ द्वारा दीक्षार्थी प्रांशुक भईया व पूरे परिवार का स्वागत-बहुमान किया गया। इस प्रसंग पर धर्मदास गण महामंत्री राजेंद्र गादिया, वरिष्ठ श्रावक प्रवीण कावड़िया, प्रकाश नाहटा, धीरज नाहटा, महामंत्री प्रशांत नाहटा, उपाध्यक्ष अरुण कावड़िया, उमेश मित्र मंडल अध्यक्ष अमित लुणावत, सुभाष नाहटा, आशीष गादिया, राजेश गादिया, विशाल गादिया, रितेश, कपिल डोसी, अशोक डोसी, लोकेश बाठिया, राकेश, पल्लव गादिया, यश खबिया, श्रेयांश, पर्व, संजय गादिया, संदीप आदि उपस्थित रहे। सभी ने जयकारों के साथ दीक्षार्थी का स्वागत किया। यह जानकारी प्रचार मंत्री विशाल गादिया ने दी।

## राउमावि टिमेड़ा बड़ा में शिक्षक - अभिभावक बैठक का आयोजन

बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट

**बांसवाड़ा।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टिमेड़ा बड़ा में शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। विद्यालय में बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित हुए जिनमें महिला अभिभावकों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। अभिभावकों ने वाद्य-यंत्रों के साथ लाउडस्पीकर पर होने वाली प्रार्थना सभा,



स्वच्छ विद्यालय परिसर, बागवानी, स्वच्छता, विद्यालय में नो बैग डे के अंतर्गत आयोजित खेल गतिविधि, साहित्यिक गतिविधि आदि की सराहना की। अभिभावकों ने कक्षाओं में जाकर कक्षा अध्यापकों बाद शिक्षक-अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। अभिभावक श्री लखजी भाई मईडा ने अध्ययन अध्यापन के साथ-साथ खेल गतिविधियों के नियमित संचालन का सुझाव दिया। अभिभावक श्री रामचंद्र राणा ने विद्यार्थियों के अनुशासन और विद्यालय विकास के लिए आर्थिक सहयोग करने की अभिभावकों से अपील की जिस पर सभी अभिभावकों ने सहमति जताई ।विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री कन्हैयालाल डोडियार ने विद्यालय की शैक्षिक ,सह-शैक्षिक और भौतिक विकास ,छात्र कल्याणकारी योजना, विद्यार्थियों के गणवेश, अनुशासन, नियमितता एवं समय-समय पर विद्यालय आकर कक्षा अध्यापक से संपर्क करने आदि बिंदुओं पर चर्चा की। बैठक का संचालन व्याख्याता श्री विनोद भाभोर द्वारा किया गया। इस दौरान उपसरपंच दिनेश राणा, रामचंद्र डोडियार,महेंद्र रणा,हरसिह खड़िया, करण सिंह चरपोटा, भरत बारिया, राकेश डामोर,वालेग पटेल, कमलेश बारिया, बदजी मईडा,दिनेश राणा, महेंद्र सिंह राणावत, खेमचंद कटारा,प्रखर पटेल,गंगजी वडखिया, हरलाल पारगी,भारती जोशी,अंजेला बामनिया,संगीता भगोरा आदि उपस्थित रहे। ये जानकारी के एल डोडियार ने दी।

## बच्चो ने ही ली बच्चो की क्लास, तीन दिन के अवकाश के चलते आज मनाया शिक्षक दिवस



बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट

**बांसवाड़ा।** प्रतिवर्ष 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जाता है, मगर इस बार लगातार 4, 5 और 6 सितम्बर तक विद्यालय में अवकाश होने के चलते आज ही विद्यालयों में शिक्षक दिवस मनाया गया। बड़ोदिया कस्बे के महर्षि दयानंद सरस्वती गुरुकुल में शिक्षक दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम प्रभारी एवं संस्था निदेशक बजरंग सिंह शेखावत ने बताया की आज सुबह प्रार्थना सभा से लेकर, योग व्यायाम और मध्यांतर का सारा प्रबंध कक्षा नवमी और दसवीं के विद्यार्थियों ने संभाला। कक्षा पहली से आठवीं तक के चार प्रमुख विषयों का अध्ययन कार्य करवाने के साथ ही तीन दिवसीय अवकाश को देखते हुए गृहकार्य दिया। बच्चो द्वारा कक्षा का संचालन देख विद्यालय परिवार भी अभिभूत हो गए तथा बच्चो के इस प्रयास की सराहना की। मध्यांतर पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम से पूर्व माता सरस्वती के वंदना के उपरांत विद्यार्थियों ने सभी शिक्षको का तिलक लगाकर एवं अपनी स्वैच्छिक भेंट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चो ने शिक्षक दिवस से जुड़े प्रसंग, गीत, कविता, नाटक की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का संचालन कक्षा दसवीं की छात्रा अनीशा भोई, दिशा पाटीदार, मासुमा बी और ट्रिंकल नाई ने किया। ये जानकारी धर्मेंद्र उपाध्याय ने दी।

## कठूमर स्थित हनुमान मंदिर बगीची पर हुआ भण्डारा

मरूधर विशेष

**कठूमर । दिनेश लेखी।** कस्बे में स्थित हनुमान महाराज वाली बगीची पर शनिवार को भण्डारे का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा व विधायक पुत्र अमिताभ बैरवा शामिल हुए। भंडारे में आने वाले भक्तो ने हनुमान महाराज के दरबार में धोक लगातार मन्नत मांगी व भंडारे में प्रसादी पाई। इस मौके पर कांग्रेस महासचिव रामस्नेही शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष शिब्बोराम गुर्जर, सुभाष शर्मा, संतोष कैरव, भोला नेता, लखन, सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## "नर्सेज एसोसिएशन ने की सी एम एच ओ से वार्ता , अनेक मांगो का निराकरण"

मरुधर विशेष/दीक्षित कुमार



**अलवर।** राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन जिला अलवर के जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव के नेतृत्व में प्रतिनिधि मण्डल ने मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ श्रीराम शर्मा से जिले में विभिन्न समस्याओं को लेकर वार्ता की । वार्ता में नर्सेज की समस्याओं जैसे नर्सिंग ऑफिसर्स की कोल्ड चैन ड्यूटी से मुक्ति, अवकाश के आदेश,नियमतिकरण, जाँच संबंधित प्रस्तावों का निराकरण,दवाइयां वितरण का विकेंद्रीकरण, यू टी बी कार्मिको का लंबित वेतन, लंबित मानदेय,जिला अस्पताल में वैकल्पिक स्टाफ आदि पर बिंदुवार चर्चा की गई तथा मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा सकारात्मक रूप से निराकरण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश जारी करने हेतु आश्वस्त किया। इस अवसर पर जिला शिशु एंव प्रजनन स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अरविंद गेट, प्रसासनिक अधिकारी सतवीर सोनी तथा प्रतिनिधि मण्डल में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश महिवाल,कार्यकारी अध्यक्ष अनिल सुरेला,महासचिव भगवत सिंह नरुका ,ग्रामीण अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा,कोषाध्यक्ष शशिपाल यादव,सचिव राजेश गुप्ता, राजकुमार यादव,के के शर्मा उपस्थित थे।